हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक )

पेज : 08

वेब सीरीज अक्का से कीर्ति और राधिका का फर्स्ट लुक आउट



www.naisochlive.com | पटना, रविवार, 09 मार्च 2025, वर्ष- 08, अंक- 21, पृष्ठ-8, मूल्य - 3:00 | naisochexpreess@gmail.com

## हमारी सरकार ने हमेशा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए काम किया

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पीएम मोदी ने की लखपति दीदियों से बात

एजेंसी, नवसारी



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के नवसारी जिले में लखपति दीदियों से बातचीत की। इस अवसर पर पीएम मोदी के साथ गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल भी मौजूद थे। लखपति दीदी एक स्वयं सहायता समूह की सदस्य होती हैं, जिनकी वार्षिक घरेलू आय एक लाख रुपए या उससे ज्यादा है। इस आय की गणना कम से कम चार कृषि मौसमों और व्यवसाय चक्रों के लिए की जाती है, जिसमें औसत मासिक आय दस हजार रुपए से ज्यादा होती है।

पीएम मोदी पांच लखपति दीदियों को लखपति दीदी प्रमाण पत्र से सम्मानित किया और सभा को संबोधित भी किया। प्रधानमंत्री गुजरात सरकार के जी-सफल और जी-मैत्री कार्यक्रम का भी शुभारंभ करेंगे। जी-मैत्री योजना ग्रामीण आजीविका के लिए अनुकूल वातावरण बनाने के लिए काम कर रहे स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता और सहायता प्रदान करेगी। जी-सफल गुजरात के दो आकांक्षी जिलों और 13 आकांक्षी ब्लॉकों में अंत्योदय परिवारों की एसएचजी महिलाओं को वित्तीय सहायता और उद्यमशीलता प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

पीएम मोदी ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं की ताकत और योगदान को पहचानते हुए नारी शक्ति को शुभकामनाएं दीं। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में घोषणा की कि उनके सोशल मीडिया पर कई क्षेत्रों की महिलाएं इस अवसर पर अपनी उपलब्धियों का प्रदर्शित कीं। पीएम मोदी ने कहा कि हम महिला दिवस पर अपनी नारी शक्ति को नमन करते हैं। हमारी सरकार ने हमेशा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए काम किया है, जो हमारी योजनाओं और कार्यक्रमों में झलकता है। आज, जैसा कि मैंने वादा किया था, मेरी सोशल मीडिया संपत्तियों को उन महिलाओं द्वारा संभाला जाएगा जो विविध क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रही हैं।

गुजरात के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि नवसारी जिले के वानसी बोरसी गांव में होने वाले इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में बहुत बड़ी व्यवस्था की गई है। इस कार्यक्रम में डेढ़ लाख से ज्यादा महिलाएं भाग ले रही हैं। गुजरात पुलिस ने अनूठी व्यवस्था की। पूरी सुरक्षा महिला अधिकारियों द्वारा की गई है। एडीजीपी से लेकर कॉन्स्टेबल तक सभी महिलाएं। उन्होंने आगे कहा कि इसकी तैयारियां काफी समय से चल रही थी। सभी अधिकारियों ने बहुत अच्छी तैयारी की है। योजना बहुत विस्तृत तरीके से बनाई गई है।

## महिलाएं बुद्धि, समर्पण से समाज को नया आकार देने वाली शक्तिशाली एजेंट

### खड़गे, राहुल और प्रियंका गांधी ने दी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं

एजेंसी, नई दिल्ली



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत तमाम विपक्षी नेताओं ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। खड़गे ने एक्स पर लिखा- जागो, उठो और शिक्षित बनो। परंपराओं को तोड़ो। आजाद हो जाओ। लैंगिक समानता से ही देश में बदलाव आता है। महिलाएं अपनी बुद्धि, समर्पण और शक्ति के जरिए से समाज को नया आकार देने वाली शक्तिशाली एजेंट हैं। वहीं, सांसद राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा- महिलाएं हमारे समाज की रीढ़ हैं। उनकी ताकत और आवाज हमारे देश के भविष्य को आकार देती हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मैं आपके साथ और आपके लिए खड़ा हूं। हर बाधा को तोड़ने के लिए प्रतिबद्ध हूं जब तक कि हर महिला अपने भाग्य को आकार देने, हर सपने को पाने और ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए स्वतंत्र न हो जाए। महिला दिवस की शुभकामनाएं। वहीं सांसद प्रियंका गांधी ने एक्स पर लिखा- देश भर की हमारी सभी बहनों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। आजादी की लड़ाई से लेकर देश के निर्माण तक- महिलाओं ने हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है और अपनी शक्तिशाली नेतृत्व क्षमता को साबित भी किया है। आज महिलाओं की भूमिका और भागीदारी को और ज्यादा बढ़ाने की जरूरत है। महिलाएं जितनी ज्यादा आगे आएंगी, देश उतना ही सशक्त और सुंदर बनेगा। दिल्ली की पूर्व सीएम और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने एक्स पर लिखा- सभी महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई।

## नए सेबी प्रमुख पांडे ने कहा, पारदर्शिता सेबी के लिए अहम प्राथमिकता



**एजेंसी, मुंबई।** देश की ग्रोथ को सपोर्ट देने के लिए हमें घरेलू और विदेशी निवेशकों की जरूरत है। यह बात नए सेबी प्रमुख तुहिन कांत पांडे ने एक कार्यक्रम के दौरान कही। उनका यह बयान तब आया है जब शेयर बाजार बिकवाली के दौर से गुजर रहा हैं। सेबी चीफ पांडे ने कहा, "देश ने बीते कुछ वर्षों में ग्लोबल निवेश आया है। उन्होंने कहा कि हम विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए अनुकूल माहौल की जरूरत से वाकिफ हैं। सेबी चीफ ने बताया कि हमें बाजार से जुड़ी संस्थाओं में ज्यादा पारदर्शिता लाने के लिए तकनीक का उपयोग करना होगा, और इसके लिए हमें टीमवर्क की जरूरत है। इस दौरान सेबी प्रमुख ने कहा कि उनका रेगुलेटरी इश्यू पर फोकस रहेगा, और विदेशी निवेशकों के लिए रेगुलेशन और ऑपरेशन से जुड़े नियमों को और आसान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विश्वास और पारदर्शिता बनाया रखना सबसे महत्वपूर्ण है। सेबी चीफ पांडे ने कहा कि घरेलू संस्थागत निवेशकों की बढ़ती भागीदारी के चलते घरेलू ऑनरशिप में वृद्धि हुई है। हालांकि, बेहतर गति के साथ विकास करने के लिए हमें घरेलू और विदेशी दोनों तरह के निवेश की आवश्यकता है।

## पहले जेलेंस्की को हड़काया अब पुतिन को धमकाने लगे ट्रंप, कहा- तत्काल अमेरिका पहुंचें

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका डॉन की तरह काम कर रहा है। जब चाहे जिसे चाहे हड़का देता है और किसी को भी व्हाइट हाउस में तलब कर लेता है। पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की को अपने दफ्तर बुलाकर धमकाया रुस को लगा ये बढिया रहा। लेकिन अब रुस को भी अमेरिका ने धमकी भरे अंदाज में व्हाइट हाउस बुलाया है।अमेरिकी प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप ने रूस को खुली चेतावनी दे डाली है। ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को बड़े पैमाने पर प्रतिबंध और टैरिफ लगाने की धमकी दी है। उन्होंने रूस और यूक्रेन से तुरंत बातचीत की मेज पर आने के लिए कहा। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर कहा, इस तथ्य के आधार पर कि रूस इस समय युद्ध के मैदान में यूक्रेन पर पूरी तरह से पिटाई कर रहा है, मैं रूस पर बड़े पैमाने पर बैंकिंग प्रतिबंध, और टैरिफ लगाने पर गंभीरता से विचार कर रहा हूं, जब तक कि युद्ध विराम और शांति पर अंतिम समझौता नहीं हो जाता। ट्रंप ने आगे लिखा, रूस और यूक्रेन, इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, अभी बातचीत की मेज पर आ जाइए। धन्यवाद! ट्रंप ने यह मांग उस हमले के बाद की है, जब यूक्रेन के ऊर्जा ग्रिड पर रात भर हुए बड़े पैमाने पर मिसाइल अटैक के बाद जेलेंस्की ने मॉस्को के साथ हवाई युद्धविराम का प्रस्ताव रखा है। कुछ ही घंटे पहले, यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने बताया कि वह शांति वार्ता के लिए क्राउन प्रिंस से मिलने के लिए अगले सोमवार को सऊदी अरब में होंगे।

## सुबह-सुबह हिली नेपाल की धरती, डर से लोग आए बाहर, कोई हताहत नहीं

एजेंसी, काठमांडू



नेपाल में शनिवार सुबह हल्की तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए जिसके बाद लोगा डर के मारे घरों से बाहर आ गए और जान बचाने इधर उधर भागने लगे। भूकंप से किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है। नेपाल के राष्ट्रीय भूकंप निगरानी केंद्र के मुताबिक काठमांडू से करीब 300 किलोमीटर दूर बागलुंग जिले में सुबह 6.20 मिनट पर भूकंप के झटके लगे। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 4.1 बताई जा रही है और इसका केंद्र जिले का खुखानी इलाका था। इससे पहले शनिवार को ही तड़के 3.14 बजे बागलुंग से करीब 40 किलोमीटर दूर म्याग्दी जिले में झटके लगे। केंद्र ने कहा कि रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 4 मापी गई इसका केंद्र म्याग्दी जिले का मुरी इलाका था। बता दें नेपाल भूंकप प्रवण वाले क्षेत्रों में आता है। हाल के दिनों में यहां लगातार भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। हालांकि, जानमाल की नुकसान की कोई खबर नहीं है। पिछले महीने के आखिरी दिन भी नेपाल में भूकंप के भटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के मुताबिक 28 फरवरी की सुबह नेपाल के काठमांडू के पास 6.1 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया था।

## दिल्ली अयोध्या एक्सप्रेस में बम की सूचना, तलाशी के बाद की गई रवाना

एजेंसी, बाराबंकी



इस ट्रेन को लखनऊ चारबाग स्टेशन पर बम से उड़ा दिया जाएगा। मिनी आरडीएक्स रखा है। संदेश को फेक न समझें। 7 मार्च दोस्त मैं मजबूर हूं, पुलिस को बता दो, हजारों जाने जा सकती हैं। अब्दुल्ला अंसारी मुरादाबाद, बम डबल बैग में रखा है। ये डरावनी पंक्तियां दिल्ली अयोध्या एक्सप्रेस के कोच एस 8 के टॉयलेट में लिखी हुई देखी गई थीं। इसके बाद हड़कंप मचा और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना की तलाशी के दौरान सभी डिब्बों को चेक किया गया। इस दौरान एस 5 में डबल बैग रखा मिला और उस पर तकिया भी रखा था। पर उसके साथ कोई था नहीं। इस पर पुलिस ने फिर से कवायद शुरू की और उसके आसपास सीट पर बैठे लोगों को तलाशा। एक यात्री ने बताया कि इस बैग पर सिर रखकर एक व्यक्ति सो रहा था। वह नीचे उतर गया है। इस पर उसकी तलाश की गई, तो वह व्यक्ति भी मिल गया। ट्रेन में यात्रा कर रहे गोंडा के निवासी पंकज तिवारी ने बताया कि वह लोग परिवार सहित अयोध्या कैंट से दिल्ली के लिए बैठे थे। नींद भी आने लगी थी कि बाराबंकी में पुलिस के अलाउंसमेंट के बाद वह लोग आनन फानन में नीचे उतरे। पंकज ने कहा कि बम की सूचना से भय लगने लगा है। S 5 में यात्रा कर रहे अयोध्या के गोसाईगंज निवासी अब्दुल गफ्फार ने बताया कि ट्रेन में बम रखें होने की सूचना है। इससे वह काफी डरे हैं। करीब 9 बजे सेना व स्थानीय पुलिस ने कहा कि ट्रेन में बम नहीं है, ट्रेन को आगे बढ़ाया जाए, इस पर जीआरपी व आरपीएफ ने लिखित रूप से एनओसी मांगने लगे। विवाद के बीच सहायक स्टेशन अधीक्षक ने सहायक मंडल परिचालन प्रबंधक धीरेंद्र गौड़ को फोन से संपर्क किया। गौड़ की ओर से ज्वाइंट एनओसी लिखने के बाद ट्रेन को रवाना करने की बात कही गई है।

## मणिपुर में फ्री मूवमेंट का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों की सुरक्षाबलों से झड़प

**एजेंसी, कांगपोकपी ।** मणिपुर में एक बार फिर से तनाव बढ़ गया। यहां कांगपोकपी जिले में हाईवे ब्लॉक कर रहे प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए सुरक्षाबलों को बल का प्रयोग करना पड़ा। सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज किया। इस दौरान कुछ प्रदर्शनकारी घायल हो गए। प्रदर्शनकारियों ने 'फ्री मूवमेंट' के खिलाफ विरोध जताते हुए हाईवे जाम कर दिया था, जिससे यातायात बाधित हुआ। इससे पहले कांगपोकपी जिले के गमगिफाई इलाके में मणिपुर स्टेट ट्रांसपोर्ट (एमएसटी) की एक बस पर भीड़ ने पथराव किया। यह हमला तब हुआ जब दो साल पहले भड़की जातीय हिंसा के बाद पहली बार आज इम्फाल से पहाड़ी जिलों के लिए बस सेवा शुरू की गई थी।

## राहुल गांधी का बड़ा तंज बोले- डरपोक भाजपा से मिल गए, शेर चेन से बंधे हुए हैं

एजेंसी, अहमदाबाद



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपनी ही पार्टी के नेताओं को लेकर बड़ा तंज कसा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कई नेता है जो भाजपा के साथ मिले हुए हैं और जो बब्बर शेर हैं वो चेन से बंधे हुए हैं। ऐसे में गुजरात की हार पर बोलने में शर्म किस बात की। गुजरात में कांग्रेस की लीडरशीप में दो तरह के लोग हैं। उनमें बंटवारा है। एक हैं जो जनता के साथ खड़े हैं उनके लिए लड़ते हैं, उनकी इज्जत करते हैं जिनके दिल में कांग्रेस की विचारधारा है। दूसरे हैं, जो जनता से कटा हुआ है दूर बैठता है और उसमें से आधे बीजेपी से मिले हैं। राहुल ने आगे कहा, मेरी जिम्मेदारी है कि जो ये दो ग्रुप हैं इनको छांटना है। कांग्रेस में नेताओं की कमी नहीं है। बब्बर शेर हैं लेकिन पीछे से चेन लगी हुई है तो वे चेन से बंधे हैं। यहां रेस के घोड़ों को बारात में बांध दिया जाता राहुल दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं। आज दूसरा दिन है। उन्होंने अहमदाबाद के जेड हॉल में प्रदेश के करीब 2 हजार कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इनमें महिला कार्यकर्ताएं भी शामिल हुईं। महिला दिवस के मौके पर राहुल गांधी महिला कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। गुजरात फंसा हुआ, इसको रास्ता नहीं दिख रहा। गुजरात आगे बढ़ना चाहती है। गुजरात की कांग्रेस पार्टी उसको रास्ता नहीं दिखा पा रही है। मैं ये बातें डरकर नहीं बोल रहा हूं और न शरमाकर बोल रहा हूं। मगर मैं आपके सामने ये बातें रखना चाहता हूं कि चाहे राहुल गांधी हो, चाहे जनरल सेक्रेटरी हों हम गुजरात को रास्ता नहीं दिला पा रहे हैं। अगर हम गुजरात की जनता को रिस्पेक्ट करते हैं, तो साफ कहना पड़ेगा कि आज तक जनता की जो उम्मीदें हमसें थी, मुझसे थीं, वो हम पूरी नहीं कर पाए।

## निवेशकों की सुरक्षा और व्यवस्था में सुधार के लिए सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री

### गौतमबुद्धनगर पहुंचे सीएम योगी, सिफी डेटा सेंटर का किया उद्घाटन

एजेंसी, गौतमबुद्धनगर

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को ग्रेटर नोएडा में सिफी कंपनी के डेटा सेंटर और एमओक्यू सॉफ्टवेयर कंपनी का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा उत्तर प्रदेश ही नहीं देश के बड़े आईटी हब के रूप में विकसित हुआ है। यह क्षेत्र आज के युवा और वैश्विक आवश्यकताओं को पूरा कर रहा है। आज का युवा अलग पहचान बना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार को प्रदेश में 15 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश के प्रस्ताव को जमीन पर उतारने में सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां हमने उत्तर प्रदेश के युवाओं को प्रदेश में ही नौकरी देने में हमने सफलता प्राप्त की है, वहीं प्रदेश सरकार ने लोगों में कानून व्यवस्था तथा प्रशासनिक व्यवस्था के प्रति विश्वास बढ़ाया है, जिसके कारण उत्तर प्रदेश में निवेश बढ़ा है। ईज ऑफ डूईंग बिजनेस से सिंगल विंडों के जरिए निवेशकों को राहत दी गई है।

एमओयू मॉनीटरिंग के लिए निवेश सारथी पोर्टल से योजनाओं को आगे बढ़ाया गया है। उन्होंने उद्यमियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार उनकी सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जो भी निवेश उत्तर प्रदेश में किया जा रहा है, उसका उन्हें लाभ जरूर मिलेगा। मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश सरकार में मंत्री नंद गोपाल गुप्ता उर्फ नंदी, केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा समेत तमाम अधिकारी भी मौजूद रहे। योगी अभी नोएडा में ही पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों में शामिल होंगे।



## श्री काशी विश्वनाथ के गौना से पहले मथुरा में लड्डू गोपाल को भेजा गया उपहार



**वाराणसी :** काशी पुराधिपति बाबा विश्वनाथ के गौने (रंगभरी एकादशी) के पहले शनिवार को श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ने श्री कृष्ण जन्मस्थान मथुरा स्थित लड्डू गोपाल को होली का उपहार भेजा है। उपहार की समस्त सामग्री पहले बाबा विश्वेश्वर(काशी विश्वनाथ )को अर्पित कर इसे वाहन से मथुरा भेजा गया। इसी प्रकार मथुरा में श्री कृष्ण जन्मस्थान से आज ही श्री विश्वेश्वर महादेव को अर्पित उपहार भी काशी के लिए भेजा गया। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के इस नवीन सनातन नवाचार को लेकर दोनों स्थानों पर श्रद्धालुओं में हर्ष का माहौल है। मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि इसके लिए श्रीकृष्ण जन्मस्थान मथुरा के सचिव कपिल शर्मा और गोपेश्वर चतुर्वेदी से बातच की थी, जिसे उन्होंने भी सहर्ष स्वागत एवं समर्थन किया था। मथुरा भेजने से पहले विधि विधान पूर्वक उपहार की समस्त सामग्री श्रीविश्वेश्वर को अर्पित करने के उपरांत पूरे साज-सज्जा और धूमधाम से इसे लड्डू गोपाल के पास भेजा गया। सीईओ के अनुसार मथुरा और काशी दोनों ही मोक्ष दायिनी नगरी हैं।

## महिला दिवस : ग्रैंडमास्टर वैशाली ने पीएम मोदी का एक्स हैंडल संभाला

### कहा- युवा लड़कियां अपने सपनों का पीछा करें, चाहे कितनी भी बाधाएं आएं

एजेंसी, नई दिल्ली



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर भारतीय शतरंज ग्रैंडमास्टर वैशाली रमेशबाबू ने शनिवार को पीएम नरेंद्र मोदी के एक्स हैंडल को संचालित किया। यह कदम पीएम मोदी के उस वादे का हिस्सा है, जिसमें उन्होंने कहा था कि महिला दिवस के मौके पर उनके सोशल मीडिया अकाउंट उन महिलाओं द्वारा संचालित किए जाएंगे जो कई क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रही हैं। वैशाली ने पीएम मोदी के एक्स हैंडल से पोस्ट करते हुए कहा कि वह ऐसा मौका पाकर खुश हैं और देश का प्रतिनिधित्व करने पर गर्व महसूस कर रही हैं। पीएम मोदी ने महिला दिवस पर अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते एक्स पर एक पोस्ट साझा की थी। उन्होंने लिखा कि महिला दिवस पर हम अपनी नारी शक्ति को नमन करते हैं। हमारी सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए काम किया है, जो हमारी योजनाओं और कार्यक्रमों में दिखाई देता है। आज जैसा कि वादा किया था, मेरे सोशल मीडिया अकाउंट उन महिलाओं द्वारा संचालित किए जाएंगे जो कई क्षेत्रों में अपनी छाप छोड़ रही हैं। इस वादे को पूरा करते हुए शनिवार को वैशाली ने पीएम के एक्स हैंडल की कमान संभाली। पीएम मोदी के हैंडल से पोस्ट करते हुए वैशाली ने अपने संदेश में लिखा- वणक्कम! मैं वैशाली हूं और मुझे बेहद खुशी हो रही है कि मैं हमारे देश के पीएम नरेंद्र मोदी जी के सोशल मीडिया को संभाल रही हूं, वह भी महिला दिवस पर। जैसा कि आप में से कई लोग जानते हैं, मैं शतरंज खेलती हूं और मुझे अपने प्यारे देश का कई टूर्नामेंट्स में प्रतिनिधित्व करने पर बहुत गर्व है। वैशाली ने अपने जीवन के बारे में कहा कि मेरा जन्म 21 जून को हुआ था, जो संयोग से अब अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में लोकप्रिय है। मैं 6 साल की उम्र से शतरंज खेल रही हूं। यह मेरे लिए एक सीखने वाला, रोमांचक और फायदेमंद सफर रहा है, जो मेरे कई टूर्नामेंट और ओलंपियाड की सफलताओं में दिखता है, लेकिन अभी बहुत कुछ करना बाकी है। वैशाली ने अपने संदेश में कहा कि मैं सभी महिलाओं, खासकर युवा लड़कियों को कहना चाहती हूं कि अपने सपनों का पीछा करें, चाहे कितनी भी बाधाएं आएं। आपका जुनून आपकी सफलता की ताकत बनेगा, क्योंकि मुझे पता है कि वे ऐसा कर सकती हैं।

संक्षिप्त समाचार

## आधी आबादी की शिक्षा, सुरक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में बिहार ने मिसाल कायम किया : नीतीश

**पटना**। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जनता दलयू महिला प्रकोष्ठ द्वारा प्रदेश कार्यालय, पटना में नारी शक्ति सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए एवं उन्होंने दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभी को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बिहार सरकार महिलाओं के उत्थान और कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विगत 19 वर्षों में शिक्षा, सुरक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में कई कल्याणकारी योजनाओं को लागू कर बिहार ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अद्वितीय मिसाल कायम किया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 से पहले की सरकार ने महिलाओं के हितों की कभी भी चिंता नहीं की, उनके लिए कोई काम नहीं किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति सम्मेलन में भारी संख्या में महिलाओं की सहभागिता देखकर मुझे अत्यधिक प्रसन्नता हुई।

## भाषाई मयार्दा पर नसीहत ना दें तेजस्वी यादव : राजीव

**पटना**। जदयू राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को भाषाई मयार्दा की नसीहत ना देने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि कई मौकों पर लालू प्रसाद यादव और खुद तेजस्वी यादव ने राजनीतिक विमर्श की गरिमा को नीचा गिराने का काम किया है और उन्होंने दूसरों पर व्यक्तिगत आरोप लगाए हैं इसलिए दूसरों को सलाह देने की बजाए पहले उन्हें खुद मर्यादित होना चाहिए। बिहार में महिला सशक्तिकरण की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि साल 2005 में सत्ता संभालते ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं की राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण को लेकर कई क्रांतिकारी फैसले लिए हैं। सत्ता संभालते ही उन्होंने साल 2006 में सबसे पहले महिलाओं को पंचायती राज व्यवस्था में 50 फीसदी आरक्षण देने का काम किया और बाद में साल 2007 में नगर निकायों में भी 50 फीसदी आरक्षण देने का प्रावधान किया। आज आरक्षण से मिले फायदे की मदद से राज्य में महिलाओं का ना केवल मान सम्मान बढ़ा बल्कि उन्हें उनका वाजिब हक भी मिला। महिलाओं के रोजगार की बात करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने साल 2013 में पुलिस बलों में महिलाओं को 35 फीसदी आरक्षण देने का काम किया और आज उसका परिणाम है कि राज्य में महिला पुलिस बल की तादाद देशभर में सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा कि साल 2016 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 35 फीसदी आरक्षण देने का काम किया जिससे महिलाएं आत्मिनिर्भर हुईं और वो सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर रही हैं।

## सीआईएसएफ ने न केवल देश के विकास, प्रगति और आवाजाही को सुरक्षित रखा है, बल्कि उनके सुचारू संचालन में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है : अमित शाह



**पटना**। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने तमिलनाडु के तक्कोलम में सीआईएसएफ स्थापना दिवस के 56वें समारोह में भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने सीआईएसएफ के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि पिछले 56 वर्षों में सीआईएसएफ ने देश के विकास, प्रगति और यातायात को सुरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सीआईएसएफ देश के प्रमुख एयरपोर्ट, बंदरगाह, औद्योगिक इकाइयों, अनुसंधान केंद्रों और अन्य महत्त्वपूर्ण ढाँचागत परियोजनाओं की सुरक्षा का जिम्मा बखूबी निभा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सुरक्षा नीतियों में व्यापक बदलाव किए गए हैं। गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में सुरक्षा एजेंसियों को सशक्त बनाने के लिए आधुनिक तकनीक, अत्याधुनिक संसाधन और जवानों की संख्या में वृद्धि जैसे कई अहम फैसले लिए गए हैं। जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा को और मजबूत बनाया गया है। सीआईएसएफ की जिम्मेदारियां और कार्यक्षेत्र लगातार बढ़ रहे हैं। गृह मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 के मुताबिक, वर्तमान में सीआईएसएफ देश के 68 हवाई अड्डों, 114 सार्वजनिक उपक्रमों और कई महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा में तैनात है। सीआईएसएफ राष्ट्र की सुरक्षा में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है और जनता के विश्वास को मजबूत कर रहा है। भारतीय राजनीति के चाणक्य अमित शाह ने 2019 में निर्णय लिया था कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों का स्थापना दिवस देश के विभिन्न क्षेत्रों में मनाया जाएगा। उसी कड़ी में सीआईएसएफ के तक्कोलम क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र का नाम चोल वंश के वीर योद्धा राजादित्य चोल के नाम पर रखने की घोषणा की गई। यह निर्णय तमिलनाडु की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सम्मान देने का प्रतीक है। अमित शाह ने कहा कि तमिल संस्कृति ने हमेशा देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है। मोदी सरकार ने क्षेत्रीय संस्कृतियों को बढ़ावा देने के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता को सशक्त करने के लिए लगातार कदम उठाए हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में 'महिला सम्मान' कार्यक्रम आयोजित

### किसी भी सफलता के पीछे एक नारी की ताकत : डॉ. दिलीप जायसवाल

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस वाक्य पर कभी प्रश्नचिन्ह नहीं लगाया जा सकता है कि किसी भी व्यक्ति की सफलता के पीछे एक नारी की ताकत होती है। भाजपा प्रदेश कार्यालय के अटल सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई और शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि 1975 से हम सभी प्रत्येक आठ मार्च को महिला दिवस मनाते हैं। आज का दिन नारी के अंदर विश्वास, खुशी और अपने सपनों को साकार करने का उत्सव मनाने का दिन है। भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा कि नारी नारायणी भी है तो रणचंडी

**» नारी घर की रौनक है और दुनिया की रोशनी : डॉ. दिलीप जायसवाल**

भी हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि आधी आबादी की सहभागिता की चिंता समाज को करना आवश्यक है। जब भी महिलाओं को मौका मिला, दुनियाभर में ही नहीं, इससे आगे भी परचम लहराने का काम किया। सही अर्थों में उन्हें रोक पाने की शक्ति किसी में नहीं है। महिलाएं अगर भविष्य गढ़ती हैं तो हर चुनौती को स्वीकार भी करती हैं। राजनीति में हम सभी की यह जिम्मेदारी है कि आधी आबादी की सहभागिता बढ़े। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को भरोसा देते हुए कहा कि सरकार और संगठन में आधी आबादी की सहभागिता बढ़ाई जाएगी। इसकी



शुरुआत तो कहीं न कहीं से करनी होगी। उन्होंने रोगी कल्याण समिति और 20 सूत्री समिति में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने की बात कही। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप

- » आधी आबादी में समाज सृजन करने की शक्ति : डॉ. दिलीप जायसवाल
- » भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने दिया भरोसा, संगठन और सरकार में आधी आबादी की सहभागिता होगी
- » आज जिस तरह महिलाओं को आगे लाने का काम किया जा रहा है, वह ऐतिहासिक : सम्राट चौधरी
- » महिलाओं का सम्मान और उसका उत्थान हमारी प्राथमिकता : विजय सिन्हा

जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को आरक्षण देकर राजनीति में हिस्सेदारी की शुरुआत कर दी है, तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कार्यपालिका में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ा दी है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि आज गौरव का दिन है। पूरे दुनिया में आज अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जा रहा है। देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार महिलाएं आगे की ओर बढ़ रही हैं। राष्ट्रीय स्तर पर जिस तरह महिलाओं को आगे लाने का काम किया जा रहा है, वह ऐतिहासिक है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि आज कई लोग कहते हैं हमारा सपना है, हमारे पिताजी का सपना था, मेरे पति का सपना था, लेकिन उस सपने को साकार यदि किसी ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर किया, तो वह नरेंद्र मोदी की सरकार है। उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी महिलाएं ही उठाती रही हैं। बिहार की धरती को मातृशक्ति की धरती बताते हुए कहा कि जब तक आधी आबादी जागेगी नहीं, तब तक पूरा अधिकार नहीं मिलेगा। महिलाओं का सम्मान और उसका उत्थान हमारी प्राथमिकता है और यही भाजपा को अन्य दलों से अलग करता है। उन्होंने कहा कि चाहे नारी शक्ति वंदन अधिनियम हो या ड्रोन दीदी योजना हो, उज्जवला योजना हो, सभी का लक्ष्य महिला सशक्तिकरण है। आज महिलाओं को फिर से उस संचार में हम अग्रणी बनाना चाहते हैं, जो इस देश को विश्वगुरु बनाएगा। महिला मोर्चा की अध्यक्ष सह सांसद धर्मशीला गुप्ता ने मंच संचालन किया। इस मौके पर मंत्री मंगल पांडेय और नीतीश मिश्रा ने भी लोगों को संबोधित किया।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित नारी शक्ति सम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बिहार प्रदेश महिला जनता दल यूनाईटेड (जदयू) द्वारा आयोजित नारी शक्ति सम्मेलन का दीप प्रज्वलन कर विधिवत शुभारंभ किया। जदयू कार्यालय के कर्पूरी सभागार में आयोजित नारी शक्ति सम्मेलन में शामिल महिलाओं से मुलाकात कर मुख्यमंत्री ने उन्हें अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई एवं शुभकामनायें दी। जदयू की बिहार प्रदेश महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ॰ भारती मेहता ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनका अभिनंदन किया। सम्मेलन में शामिल सभी महिलाओं ने ताली बजाकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में मैं सबसे पहले आप सभी का स्वागत एवं अभिनंदन करता हूँ। आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मैं आप तमाम महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनायें देता हूँ। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में शामिल होकर मुझे बेहद खुशी हो रही है। हम प्रारम्भ से ही महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए निरंतर काम कर रहे हैं ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। पहले जिन लोगों को मौका मिला उन्होंने महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए कोई काम नहीं किया। हर क्षेत्र में बड़ी संख्या में महिलाएं आगे बढ़ रही हैं। यह देखकर मुझे बेहद प्रसन्नता होती है। इस अवसर पर जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, परिवहन मंत्री श्रीमती शीला मंडल, जनता दल यूनाइटेड के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद श्री संजय कुमार झा, जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, पूर्व मंत्री श्रीमती रंजू गीता सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

# नशा मुक्त और सौहार्द्रपूर्ण त्यौहार ही सार्थक होली का अर्थ : प्रो रणबीर नंदन

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। अखिल विश्व गायत्री परिवार की ईकाई प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें समाज में बढ़ती अश्लीलता के खिलाफ जागरूकता फैलाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर "होली मनाओ, अश्लीलता भगाओ" का संकल्प लिया गया।इस कार्यक्रम में पूर्व विधान पार्षद प्रो. रणबीर नंदन ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की नींव होते हैं। उन्होंने नशा मुक्त और सौहार्दपूर्ण होली मनाने का संकल्प लेने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि होली प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का पर्व है, इसे नशा और अश्लीलता से मुक्त करना हम सभी का कर्तव्य है।प्रो नंदन ने कहा कि होली का पर्व प्रेम, सौहार्द और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह त्यौहार हमें गिले-शिकवे मिटाकर एक-दूसरे को गले लगाने और समाज में सकारात्मकता फैलाने का अवसर देता है। लेकिन



दुर्भाग्यवश, हाल के वर्षों में इस पावन पर्व की पवित्रता पर अश्लील गानों, अभद्र नृत्य और अनुचित आचरण की काली छाया पड़ती जा रही है।उन्होंने कहा कि अश्लीलता न केवल हमारी संस्कृति और परंपराओं को ठेस पहुंचाती है, बल्कि युवा पीढ़ी को भी भटकाने का कार्य करती है। नशे और अभद्र व्यवहार से होली की गरिमा को ठेस पहुंचाना अत्यंत निंदनीय है। इस पर्व की असली भावना को बनाए रखने के लिए हमें "होली मनाओ, अश्लीलता भगाओ" के संकल्प के साथ आगे बढ़ना होगा।समाज के सभी जागरूक नागरिकों, विशेष रूप से युवाओं से अपील है कि वे होली को स्वस्थ मनोरंजन, पारंपरिक गीतों और आपसी प्रेम के साथ मनाएं। नारी सम्मान और सामाजिक मयार्दा को बनाए रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।वहीं कार्यक्रम में प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ, बिहार के प्रभारी मनीष कुमार ने कहा कि अश्लीलता एक विषबेल की तरह समाज को जकड़ रही है। उन्होंने युवाओं को इसके दुष्प्रभावों से सचेत करते हुए कहा कि "अश्लीलता की प्रवृत्ति समाज को नैतिक रूप से खोखला कर रही है। यह पुरुषार्थ को पंगु बनाकर समाज के विकास को बाधित कर रही है। कार्यक्रम में युवा प्रेरक मनीष भइया ने कहा कि अश्लीलता उन्मूलन के लिए पूरे समाज को एकजुट होना होगा। उन्होंने युवाओं से इस संदेश को व्यापक स्तर पर फैलाने की अपील की और कहा कि बिना अश्लीलता की जड़ को खत्म किए समाज में स्वस्थ वातावरण तैयार नहीं किया जा सकता। इस आयोजन में विधायक संजीव चौरसिया भी शामिल हुए। उन्होंने युवा प्रकोष्ठ के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि समाज में बदलाव लाने के लिए इस तरह की पहल बहुत जरूरी है। होली जैसे त्योहार को पवित्रता और भाईचारे के साथ मनाना चाहिए, जिससे समाज में सद्भाव और प्रेम का संदेश फैले।

# बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत राज्य अनुश्रवण समिति की बैठक में 59,901 लाभुको का कंप्यूटराइज्ड से चयन

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। बिहार सरकार के उद्योग विभाग द्वारा आज विकास भवन सभागार में राज्य अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत 59,901 लाभुकों का कंप्यूटराइज्ड रैंडमाइजेशन प्रक्रिया के माध्यम से निष्पक्ष चयन किया गया। बैठक में उद्योग मंत्री श्री नीतीश मिश्रा, सचिव उद्योग विभाग श्रीमती बंदना प्रेयषी, तकनीकी विकास निदेशक श्री शेखर आनंद, एवं अनुश्रवण समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

बिहार लघु उद्यमी योजना का उद्देश्य *र्थिक रूप से कमजोर वर्गों एवं नए उद्यमियों को स्वरोजगार के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। 19 फरवरी से 5 मार्च 2025 तक ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के दौरान 2,32,900 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें




से 59,901 लाभुकों का निष्पक्ष कंप्यूटराइज्ड रैंडमाइजेशन द्वारा चयन किया गया। साथ ही, 20% अतिरिक्त आवेदकों को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है।

**प्राप्त आवेदनों की कोटिवार संख्या –**

**अत्यंत पिछड़ा वर्गः** 98,746
**सामान्य वर्गः** 20,086
**पिछड़ा वर्गः** 58,883
**अनुसूचित जातिः** 52,224
**अनुसूचित जनजातिः** 2,961

**औपबंधिक रूप से चयनित आवेदनों की कोटिवार संख्या–**

**अत्यंत पिछड़ा वर्गः** 20,761
**सामान्य वर्गः** 7205
**पिछड़ा वर्गः** 15755
**अनुसूचित जातिः** 14838
**अनुसूचित जनजातिः** 1342

**दस्तावेज़ सत्यापन एवं प्रशिक्षण–** चयनित लाभुकों के दस्तावेज़ों की जांच जिला उद्योग केंद्रों में की जाएगी। सफल आवेदकों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिसके बाद प्रथम किस्त (50,000) की स्वीकृति उद्यमी पोर्टल पर जारी की जाएगी।

**इस अवसर पर माननीय उद्योग मंत्री श्री नीतीश मिश्रा ने कहा–** "बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत आज निष्पक्ष और पारदर्शी कंप्यूटराइज्ड रैंडमाइजेशन प्रक्रिया के माध्यम से 59,901 नए लाभुकों का चयन किया गया है। यह योजना राज्य में छोटे उद्यमों को बढ़ावा देने और बेरोजगारी को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह योजना ऋण-मुक्त है। इसके तहत लाभुकों को पूरी तरह से अनुदान के रूप में 2 लाख की वित्तीय सहायता दी जाती है। हमारी सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि योग्य आवेदकों को बिना किसी भेदभाव के वित्तीय सहायता मिले और वे आत्मनिर्भर बन सकें। यह सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि बिहार के युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का एक संकल्प है।"

**श्रीमती बंदना प्रेयषी ने कहा–** "इस योजना के माध्यम से हम बिहार के उद्यमियों को सशक्त बना रहे हैं। हमारे लिए यह गर्व की बात है कि इतनी बड़ी संख्या में युवा और महिलाएं इस योजना के तहत अपने व्यावसायिक सपनों को साकार कर रहे हैं। हमने इस प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और डिजिटल बनाया है, जिससे सभी आवेदकों को समान अवसर मिल सके।"

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 'सपनों को मिल रही नई पहचान' पुस्तिका का विमोचन** -कार्यक्रम के दौरान अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उद्योग विभाग द्वारा तैयार की गई पुस्तिका "सपनों को मिल रही नई पहचान"* का विमोचन किया गया। इस पुस्तिका में बिहार की विभिन्न महिला उद्यमियों की सफलता की प्रेरणादायक कहानियाँ संकलित की गई हैं।

**इस अवसर पर श्रीमती बंदना प्रेयषी ने कहा,** "बिहार की महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। यह पुस्तिका उन महिला उद्यमियों की कहानियों को सामने लाने का प्रयास है, जिन्होंने अपने कठिन परिश्रम से खुद को स्थापित किया है। हमारा प्रयास है कि इस योजना के माध्यम से अधिक से अधिक महिलाओं को उद्यमिता की ओर प्रोत्साहित किया जाए।"

## मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मॉडल ट्रैफिक पोस्ट का किया लोकार्पण

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित 'महिला दिवस एक नयी मिशाल- पटना ट्रैफिक की जिम्मेदारी महिलाओं के हाथ' कार्यक्रम में शामिल हुए। संजय गांधी जैविक उद्यान के प्रवेश द्वार संख्या-2 के समीप आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने मॉडल ट्रैफिक पोस्ट के शिलापट्ट का अनावरण कर लोकार्पण किया। लोकार्पण के पश्चात मुख्यमंत्री ने मॉडल ट्रैफिक पोस्ट का निरीक्षण कर उपलब्ध कराई गई सुविधाओं की जानकारी ली। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि पटना शहर में इस प्रकार की महिलाओं द्वारा संचालित 54 ट्रैफिक चौकियां बनाने की तैयारी है। इन सभी ट्रैफिक चौकियों पर विश्राम गृह, शौचालय, पेयजल, प्राथमिक उपचार किट की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। ज्ञातव्य है कि महिला सशक्तीकरण की दिशा में राज्य सरकार लगातार कदम उठा रही है। बिहार देश का पहला राज्य है जिसने पुलिस बल में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया है। इसका परिणाम है कि बिहार पुलिस में लगभग 30 हजार महिला पदाधिकारी और पुलिसकर्मी शामिल हैं। पटना ट्रैफिक पुलिस ने हाल ही में महिला सशक्तीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं जैसे पटना शहरी क्षेत्र की ट्रैफिक व्यवस्था को नियंत्रित करने में 450 से अधिक महिला पुलिसकर्मी कार्यरत हैं। इसके अलावा 8 महिला क्विक रिस्पांस टीम डॉल्फिन्स का गठन किया गया है, जिसमें सभी अधिकारी, कांस्टेबल और यहां तक कि ड्राइवर भी महिला हैं। 26 जनवरी 2025 को आयोजित राज्यस्तरीय परेड में पहली बार पटना ट्रैफिक पुलिस की महिला टुकड़ी ने भाग लिया, जो एक बड़ा प्रेरणादायक उदाहरण पेश करती है। इसके साथ ही महिला पुलिसकर्मियों की कार्य कुशलता को सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। पूर्व में अधिकांश ट्रैफिक चौकियों में महिलाओं के लिए बुनियादी सुविधाओं का अभाव था। इस समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर मिशन मोड में पटना शहरी क्षेत्र की 54 ट्रैफिक चौकियों को पूर्ण रूप से कार्यात्मक बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इन चौकियों में महिलाओं के लिए आरामदायक विश्राम गृह, शौचालय, पीने का पानी, प्राथमिक उपचार किट जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। भविष्य में यह महिलाओं के लिए नजदीकी शिकायत / हेल्प सेंटर के रूप में भी कार्यरत होगा। आज से पटना के 4 स्थानों- चिड़ियाखाना गेट नंबर- 2, सगुना मोड़, नवीन सचिवालय मोड़ तथा हड़ताली मोड़ पर मॉडल ट्रैफिक पोस्ट कार्यरत होगे। इस अवसर पर जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद संजय कुमार झा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, अपर पुलिस महानिदेशक कुंदन कृष्णन, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार, पुलिस अधीक्षक पटना यातायात अपराजित लोहान सहित अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# मोदी सरकार ने अमेरिका के सामने टेका घुटना : भाकपा

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अडानी को बचाने के लिए अमेरिका के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है और अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप भारत का लगातार अपमान कर रहा है। पहले भारत के लोगों को बेड़ियों में बांध कर भेजा और अब अमेरिका के राष्ट्रपति का कहना है कि वो भारत को बेनकाब कर रहे हैं। ये भारत का अपमान है। ट्रंप ने यह भी कहा कि उनसे डरकर नरेंद्र मोदी ने टैरिफ कम कर दिए।भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बताना चाहिए कि ट्रंप को खुश करने के लिए उन्होंने क्या समझौते किए गए? देश के सम्मान को गिरवी क्यों रखा गया? ये बेहद गंभीर मामला है। इसपर मोदी सरकार को देश को जवाब देना चाहिए। इससे जुड़े हर मुद्दे पर चर्चा हो, ताकि ये सुनिश्चित किया जा सके कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है।भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अडानी को बचाने के लिए अमेरिका के आगे घुटना टेक चुका है। पिछले दिनों अमेरिका दौरे गए प्रधानमंत्री से पत्रकारों ने सवाल किया तो प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार के मामले को व्यक्तिगत मामला करार दिया। अब अमेरिकी राष्ट्रपति कह रहे हैं कि उनसे डरकर नरेंद्र मोदी ने टैरिफ कम कर दिए। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प के बयान का तीखी निंदा करती है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अमेरिका से क्या गुप्त समझौता हुआ है इस पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग करती है।

## संक्षिप्त समाचार

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर फुलवारी शरीफ में भाजपा 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' प्रकोष्ठ ने महिलाओं को किया सम्मानित

**पटना।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आज बिहार भाजपा 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' प्रकोष्ठ द्वारा फुलवारी शरीफ ब्लॉक स्थित सामुदायिक भवन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर समाज में निचले पायदान पर खड़ी महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रकोष्ठ संयोजक अनामिका शंकर ने कहा कि इस कार्यक्रम में वैसी महिलाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने समाज में अमूल्य योगदान दिया है। इनमें सफाई कर्मी, रसोइया या चाय बेचने वाली महिलाएं भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन महिलाओं को केंद्रीय योजनाओं और राज्य सरकार की ऐसी योजनाओं की भी जानकारी दी गई जो विशेष रूप से महिलाओं के लिए, बेटियों के लिए चलाई जाती हैं। इस मौके पर बच्चों के बीच कॉपी, पेंसिल, रंग का वितरण किया गया। प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में वृक्षारोपण करने का कार्य भी किया गया। मौके पर प्रदेश संयोजक अनामिका शंकर के अलावा सहसंयोजक अर्चना ठाकुर, संगीता सिंह, पूनम झा, संध्या कश्यप, पुष्पा, सबिता, नीतू शाही, फुलवारी शरीफ के वार्ड नं. 6 के पार्षद दीपक महतो की गरिमामयी उपस्थिति रही, साथ ही बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बच्चियां उपस्थित रहीं।

### नारी का करे सम्मान वो भारत देश महान : डॉ. मुसर्रत जहां

**पटना।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महंत हनुमान शरण उच्च माध्यमिक विद्यालय राजापुर,मैनपुरा पटना में महिलाओं को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ.मुसर्रत जहां ने महिलाओं को सम्मानित किया। विद्यालय स्थित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा -2025 के मूल्यांकन कार्य में प्रतिनियुक्त सभी महिलाओं को बधाई दी गयी। उच्च माध्यमिक विद्यालय फतुहा की शिक्षिका व कवयित्री कुमारी स्मृति ने महिलाओं को समर्पित दो पंक्तियों से संबोधित करते हुए कहा कि " विश्वबंधुत्व का सदियों से सबका तो यह नारा है, नारी का सम्मान करे वो भारत देश हमारा है। " जबकि विद्यालय की प्राचार्या डॉ.मुसर्रत जहां ने कहा कि देश की शक्ति नारी के सम्मान में हीं समाहित है। जो नारी का करे सम्मान,वो है हमारा भारत देश महान। महिला दिवस के अवसर पर विद्यालय की +2 शिक्षिका कुमारी वीणा, पुस्तकालयाध्यक्ष रीतू कुमारी, शिक्षिका रीचा कुमारी, अपर्णा सिंह,सीमा कुमारी, अनु प्रिया, जेबा, सपना कुमारी, भव्या कुमारी, सरोज कुमारी, खुशी कुमारी, अनिता कुमारी, आवंतिका कुमारी, संगीता कुमारी, श्वेता कुमारी, अंजू कुमारी, तलत परवीन उपस्थित होकर एक दूसरे को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पौधा प्रदर्शनी का आयोजन

**पटना।** टीपीएस कॉलेज पटना के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पौधा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. उपेंद्र प्रसाद सिंह ने की। डॉ. उपेंद्र प्रसाद सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि इस वर्ष की थीम 'एक्सेलेरेट एक्शन' है, जिसका उद्देश्य महिलाओं की आवश्यकताओं को पूरा करना और उन्हें सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने में मदद करना है।वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विनय भूषण कुमार ने स्वागत भाषण देते हुए कहा, "महिलाएं और पौधे प्रकृति के दो महत्वपूर्ण पहलू हैं । दोनों ही देखभाल और सृजन की आवश्यकता होती है। पौधे प्रकृति का एक अमूल्य खजाना हैं, जिनमें कई लाभकारी गुण होते हैं। कार्यक्रम में जीव विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योत्सना कुमारी, मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. धर्मराज राम, डॉ. प्रशांत कुमार, डॉ. सानंदा सिन्हा, डॉ. दीपिका, डॉ. नूपुर, डॉ. सुनीता कुमारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।इस पौधा प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के पौधों को प्रदर्शित किया गया, जिनमें औषधीय पौधे, सजावटी पौधे, और फलदार पौधे शामिल थे। यह प्रदर्शनी पर्यावरण संरक्षण और पौधों के महत्व को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई थी ।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर इन्दिरा आईवीएफ ने नारी शक्ति को किया नमन



**पटना।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इन्दिरा आईवीएफ ने नारी सशक्तिकरण का उत्सव उत्साह और सम्मान के साथ मनाया। इस विशेष मौके पर हॉस्पिटल प्रबंधन ने महिलाओं के साहस, संकल्प और संघर्ष को नमन करते हुए उनकी अविस्मरणीय भूमिका को सराहा। इन्दिरा आईवीएफ ग्रुप, बिहार के हेड डॉ. दयानिधि कुमार और क्लिनिकल हेड डॉ. सुनीता कुमारी ने सभी महिलाओं को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा, "महिलाएं केवल परिवार और समाज की रीढ़ नहीं, बल्कि वे नई सोच, बदलाव और प्रगति की प्रेरणा भी हैं।" डॉ. दयानिधि कुमार ने कहा कि हर दिन हम महिलाओं के अदम्य साहस, मातृत्व के चमत्कार और उनके अविश्वसनीय योगदान को देखते हैं। वे न केवल जीवन को जन्म देती हैं, बल्कि भविष्य को आकार देती हैं, नए युग की नींव रखती हैं। उनके सपने, परिश्रम और सफलता समाज की दिशा को बदलने की शक्ति रखते हैं। डॉ. सुनीता कुमारी ने कहा, "इस महिला दिवस पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हम हर चुनौती का सामना करेंगे, हर बाधा को पार करेंगे और एक ऐसा समाज बनाएंगे जहां हर महिला को सम्मान, समानता और सशक्तिकरण के साथ आगे बढ़ने का अवसर मिले।" इन्दिरा आईवीएफ महिलाओं के स्वास्थ्य, मातृत्व और उनके उज्जवल भविष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, समाज में नारी शक्ति के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए अपने प्रयास जारी रखने का संकल्प लेता है।

### सांसद के होली मिलन समारोह में शामिल हुये मुख्यमंत्री

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सांसद रविशंकर प्रसाद द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल हुए। पटना के बुद्ध मार्ग स्थित बिहार राज्य भारत स्काउट एंड गाइड परिसर में आयोजित इस होली मिलन समारोह में सांसद रविशंकर प्रसाद, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने मुख्यमंत्री के साथ फूलों की होली खेली तथा उन्हें गुलाल लगाया। मुख्यमंत्री ने सांसद रविशंकर प्रसाद को गले लगाकर उन्हें होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। होली मिलन समारोह में शामिल जनप्रतिनिधियों, नेताओं एवं आमजनों को भी मुख्यमंत्री ने होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान कलाकारों द्वारा होली गीत की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद संजय कुमार झा, विधायक अरुण कुमार सिन्हा, विधायक संजीव चौरसिया, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार सहित उपस्थित थे।

# गुरु रविशंकर बिहार में खोलेंगे यूनिवर्सिटी

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** आध्यात्मिक गुरु और आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर ने शनिवार को पटना के ज्ञान भवन में 'अंतरंग वार्ता' कार्यक्रम में करीब 1000 प्रबुद्ध व्यक्तियों से मुलाकात की। अंतरंग वार्ता' कार्यक्रम में गुरु रवि शंकर ने जीवन जीने की कला, तनाव प्रबंधन और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इस कार्यक्रम में कई लोग शामिल हुए। बिहार मे भी शिक्षा के लिए विवि खोलेंगे, बिहार सरकार जमीन दे हमें। बांग्लादेश में जो हो रहा है हिन्दुओं के साथ, उस पर सरकार को ध्यान देने की जरूरत है। गुरु रविशंकर ने कोविड वैक्सीन पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि जिन युवाओं को हार्ट अटैक आ रहा है वो वैक्सीन का ही साइड इफेक्ट है। जिन्होंने भी वैक्सीन लिया है वह ओजोन थेरेपी जरूर ले।आगे कहा

» बिहार सरकार से बस जमीन चाहिए : श्री श्री रविशंकर

कि धर्म का मतलब धोती पहनना और मुंडन करना नहीं है। धर्म का मतलब ज्ञान से है। महिला दिवस पर गुरु ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनना चाहिए। महिलाएं डरी डरी रहती है, हम लोगों ने कई योजनाएं चलाई। आगे बढ़कर हर क्षेत्र मे नेतृत्व करना चाहिए। सनातन पर हो रहे हमले पर श्री श्री रविशंकर ने कहा कि सनातन पर हमला करने वाले मूर्ख हैं। सूर्य पर पत्थर फेंकने जैसा है। सनातन को कोई मिटा नही सकता है, वो खुद मिट जाता है। सोमनाथ को तोड़ने वालों ने बहुत कोशिश किए लेकिन सफल नहीं हुए। हमारे बीच जो हीनता का भाव है, उससे बाहर आएं। अपनी संस्कृति पर गर्व करना चाहिए। आपका धर्म क्या है, गर्व से



बोलिए। हिन्दू बोलने में शर्म लगती है। शेक्सपियर पढ़ने के लिए समय है और लोगों को गीता पढ़ने के लिए समय नहीं है। वो गर्व करते हैं। अपने देश ,संस्कृति और भाषा पर सभी को गर्व करना चाहिए। बताते चलें कि शुक्रवार को पटना के गांधी मैदान में सत्संग का आयोजन था। गांधी मैदान में आयोजित महासत्संग में श्री श्री रविशंकर ने जीवन जीने की कला, मानसिक शांति और ध्यान के महत्व पर प्रवचन दिया।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राष्ट्रीय व्यापार संघ ने कई सशक्त महिलाओ को किया सम्मानित



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पटना के एक्सजीविशन रोड स्थित होटल गार्गी ग्रैंड में राष्ट्रीय व्यापार संघ द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बिहार राज्य की कई सशक्त महिलाओं को राष्ट्रीय व्यापार संघ द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मानित की गई महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उनके उत्कृष्ट कार्य एवं उपलब्धियों के लिए चयनित की गई थी। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय व्यापार संघ द्वारा पटना के होटल गर्गी ग्रैंड में आयोजित प्रेस वार्ता में उन महिलाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है। राष्ट्रीय व्यापार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव शंकर चौधरी ने अधिवक्ता वीणा कुमारी जयसवाल, प्रियंका रंजन, गरिमा यादव, ऐश्वर्या, कल्याणी गुप्ता, प्राजंलि, बबली चंद्र, रितु गिरी, अंशु, ज्योति आर्या, अनुपमा यादव, सिमरन सिंह, जोया राज एवं अन्य महालिओ को सम्मानित किया गया।

## लीवा मिस दिवा 2024 के विजेताओं की घोषणा

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** लीवा मिस दिवा 2024 ग्रैंड फिनाले फैशन, ग्लैमर, टैलेंट और एम्पावरमेंट की एक यादगार रात थी, जिसमें ग्लैमर, फैशन डिजाइन और कंटेंट क्रिएशन में भारत के सबसे होनहार सितारों को शामिल किया गया। बिरला सेल्यूलोज का ब्रांड लीवा, जो 100 प्रतिशत प्राकृतिक कपड़ों के लिए जाना जाता है, अपनी नरम, हल्की और आरामदायक बनावट के कारण मशहूर है। यह लगातार पांचवें साल मिस दिवा का टाइटल स्पॉन्सर बना है। इस शो में आयुषी मलिक को लीवा मिस दिवा सुपरनैशनल 2024 और विप्रा मेहता को लीवा मिस दिवा कॉस्मो 2024 का ताज पहनाया गया। ये खास महिलाएं मिस सुपरनैशनल 2025 और मिस कॉसमो 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी और अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश की खूबसूरती और विरासत को दिखाएंगी। इस खास शाम में दो नई कैटेगरी में पहली बार विजेताओं की घोषणा हुई, जो एक नया इतिहास बना गई। ओडिशा की सुश्रुति पढियारी को लीवा मिस दिवा फैशन डिज़ाइनर 2024 और बिहार की अनन्या प्रवीण को लीवा मिस दिवा कंटेंट क्रिएटर 2024 का खिताब मिला। इस शानदार शाम की मेजबानी नेहल चुडासमा और तनुज विरवानी ने की। 24 फाइनलिस्ट, जिनमें से हर श्रेणी के शीर्ष 8 प्रतिभागी, ने अपनी शैली, आत्मविश्वास और सहजता के शानदार प्रदर्शन से मंच पर धमाल मचा दिया। इस प्रतिष्ठित जूरी पैनल में फैशन और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की कई दिग्गज हस्तियां शामिल थीं। इसमें मेंटर रितिका खटनानी (लीवा मिस दिवा ब्यूटी क्वीन 2024), सोनाक्षी राज (लीवा मिस दिवा फैशन डिजाइनर 2024), भावना सिंह (लीवा मिस दिवा कंटेंट क्रिएटर 2024) के साथ-साथ सेलिब्रिटी डिजाइनर मंदिरा विर्क, अभिनेता फरदीन खान, मिस कॉस्मो 2024 केटुट परमाता जूलियास्ट्रिड और मिस सुपरनैशनल 2023 एंड्रिया एगुइलेरा भी जज के रूप में शामिल रहीं।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह आयोजित किया राम जानकी प्रगति सेवा संस्थान

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** पटना में राम जानकी प्रगति सेवा संस्थान ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समारोह आयोजित किया। समारोह में उपस्थित लोगों ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अपनी-अपनी विचार व्यक्त किए। राम जानकी प्रगति सेवा संस्थान के सचिव अर्पणा वाला ने बताया कि राम जानकी प्रगति सेवा संस्थान अपने अध्यक्ष एवं सदस्य के साथ मिलकर महिलाओं को जागरूक करने की कोशिश कर रहे हैं। हैउन्होंने महिलाओं के प्रति आदर-सम्मान व्यक्त करते हुए उनके अधिकारों और उनकी उपलब्धियों की जानकारी दी। साथ ही लैंगिग समानता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए बताया। अर्पणा वाला ने कहा कि प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को सम्मान दिया जाता है, लेकिन अन्य दिन महिलाओं का तिरस्कार एवं बहिष्कार भी किया जाता है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पूरे विश्व में 8 मार्च को मनाया जाता



हैं। भारत सहित दुनिया भर में 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर विभिन्न देश के लोग अलग- अलग तरीके से इस दिन महिलाओं को सम्मान देते है और अपने सहयोगियों तथा अपने आस-पास के लोगों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। समारोह में विश्वरूपम श्रीवास्तव ने राम जानकी प्रगति सेवा संस्थान के सचिव अर्पणा बाला को सम्मानित करते हुए कहा कि अर्पणा वाला ने महिलाओं में जागरूकता फैलाने की बहुत ही सराहनीय कार्य कर रही है। अगर महिलाओं लोग मिलकर काम करे तो कस्बा गांव के महिलाएं जागृत हो जायेगी। राम जानकी प्रगति सेवा संस्थान के कोषाध्यक्ष जनक नंदनी सिन्हा ने कहा की प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की एक खास थीम होती है। पिछले साल यानि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 की थीम "इंस्पायर इंक्लूजन" थी यह थीम यह विषय महिलाओं को समावेशन के महत्व को समझाने और महत्व देने के लिए प्रेरित करने पर आधारित था। इस साल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 की थीम "कार्रवाई में तेजी लाना" है। इस थीम का उद्देश्य है लैंगिक समानता प्राप्त करने के लिए शीघ्र और निर्णायक रूप से कार्य करने के महत्व पर बल देना है। अर्पणा वाला ने कहा कि इसी तरह कार्यक्रम को सफल बनाया गया और लोगो को जागरूक करने का अभियान चलाया गया। समारोह में राम जानकी प्रगति सेवा संस्थान के सदस्य संतोषी देवी, प्रियांका कुमारी, शाकमांभरी, उषा देवी, अनिता देवी तथा अन्य महिला भी शामिल थे और संस्थान के हित में काम करने वाले में महेश प्रसाद सिन्हा, प्रभात कुमार राय, संयोजक अनिल कुमार उर्फ दुर्गा प्रसाद, अमित कुमार सिन्हा, सुंदरम, अंशुमाली, शिवम जी सहाय, सुशीला पांडेय, सीमा देवी, संतोष कुमार अनिल कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।

## आयुष्मान भारत फाउंडेशन ने मनाया अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के पर जगरूकता अभियान

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयुष्मान भारत फाउंडेशन ने शनिवार को जगरूकता अभियान चलाया। उक्त जानकारी आयुष्मान भारत फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष (डॉक्टर संघ) सह चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ आर के गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि यह जागरूकता अभियान चर्म रोग विशेषज्ञ व राष्ट्रीय अध्यक्ष (डॉक्टर संघ) के नेतृत्व में अनुभवी डॉक्टरों की टीम के साथ कदम कुआं के स्लम एरिया में किया गया। जिसमें महिलाओं और बच्चियों को उनके स्वास्थ्य के प्रति सचेत किया गया और अनेको स्वास्थ्य सम्बंधित सुझाव दिए गए।डॉ गुप्ता ने बताया कि महिलाओं और बच्चियों मे निःशुल्क सेनेटरी पैड



का भी बितरण किया गया और उन्हें इसके प्रयोग और फायदों के बारे मे जगरूक किया गया। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी महिलाओं को हार्दिक शुभकामनायें देते हुए डॉ गुप्ता ने कहा कि घर को स्वर्ग बनती है नारी , घर की इज्जत होती है नारी, देवता भी जिसकी करते है पूजा, वो मूरत होती है नारी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वस्थ्य रखे बिना, हम सब अपने राष्ट्र को स्वस्थ नहीं कर सकते है । क्योंकि यह हमारे आधी आबादी का मुख्य हिस्सा है। आयुष्मान भारत फाउंडेशन ने शनिवार को ही अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर कदम मेसट्रोज मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, कंकड़बाग पटना में भी जागरूकता अभियान चलाया, जिसमें स्त्री व प्रसूति रोग बिशेषज्ञ डॉ शिवा, चर्म रोगी विशेषज्ञ डॉ आर के गुप्ता ने महिलाओं और बच्चियों मे निःशुल्क सेनेटरी पैड का बितरण किया और इसके प्रयोग और फायदों के बारे मे जगरूक किया गया। इस बिशेष अवसर पर दोनों कार्यक्रमों में आयुष्मान भारत फाउंडेशन के संस्थापक आयुष्मान भारत फाउंडेशन अमरनाथ द्विवेदी व शिक्षक संघ अध्यक्ष अजित कुमार सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष (मीडिया) जितेन्द्र कुमार सिन्हा ने सभी महिला शक्ति को अपनी शुभकामनायें प्रेषित किये । इस बिशेष अवसर पर दोनों कार्यक्रम में आयुष्मान भारत फाउंडेशन की डॉक्टर्स टीम में मुख्य रूप से डॉ मधुरेन्द्र कुमार, डॉ रानी प्रधान उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सह होली मिलन समारोह का आयोजन



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** इनकम टैक्स चौराहा स्थित बिहार प्रशासनिक सेवा संघ भवन (बासा भवन) में बिहार एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस वाईफ्स एसोसिएशन द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रसिद्ध रेडियोलाजिस्ट डॉ. शिखा आनंद ने किया। कार्यक्रम में महिलाओं ने रंग - बिरंगे परिधानों में रंग बरसे, जहां - जहां राधा जाए, होलिया में उड़े रे गुलाल जैसे होली के गीतों पर जमकर मस्ती की और रंग - गुलाल उड़ाए। डॉ. शिखा आनंद ने कार्यक्रम में महिलाओं के स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी दी। वहीं बिहार एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस वाईफ्स एसोसिएशन की अध्यक्ष नीलू कुमारी ने सभी महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामना देते हुए उनके हौसले और जज्बे को सलाम किया। कार्यक्रम में एसोसिएशन की सचिव राखी, कोषाध्यक्ष छाया, सदस्य सुनीता, कविता, मोनिका भारती, विशाखा, निहारिका वर्मा, पुष्पा, नूतन वर्मा, प्रीति वर्मा, स्वाति झा समेत एसोसिएशन से जुड़ी सभी महिलाएं मौजूद रही।

## बीएस कॉलेज में महिला दिवस पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस

**दानापुर।** दानापुर स्थित बीएस कॉलेज में दिनांक 7 और 8 मार्च 2025 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के शिक्षक - शिक्षिकाओं के साथ -साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यशाला में अपने विचार रखते हुए महाविद्यालय की प्रधानाचार्या प्रो० (डॉ) मधु प्रभा सिंह ने भारतीय समाज की पितृसत्तात्मक प्रकृति और इसमें व्याप्त लैंगिक विषमताओं के ऊपर प्रकाश डाला। महिला संबंधी मुद्दों पर किसी भी सुधार के लिए समाज के हर व्यक्ति को जिम्मेदारी लेनी होगी। प्रो० सिंह ने सरकार द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के



उत्थान के लिए चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए इनके प्रति जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के आईक्यूएसी समन्वयक डॉ संजय कुमार, प्रो० गोपाल कुमार यादव, प्रो० रजनी कुमारी मिश्रा,डॉ आशुतोष कुमार, डॉ आभास कुमार, डॉ रीता गुप्ता, तथा डॉ फिरोज अंसारी समेत बड़ी संख्या में छात्र -छात्राओं ने अपने विचार प्रकट किए। मंच का संचालन डॉ चिरंतन कुमार ने तथा धन्यवाद ज्ञापन का कार्य डॉ बिमलेश कुमार सिंह ने किया।

## नारी सम्मान को निखारती है कला : रचना

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** दस दिवसीय गांधी शिल्प बाजार (राष्ट्रीय) 2025, जो 27 फरवरी से 8 मार्च तक गांधी मैदान में आयोजित हुआ, भव्यता और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस मेले का आयोजन विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के सहयोग से अंबपाली हैंडलूम एंड हैंडीक्राफ्ट मल्टी-स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, पटना द्वारा किया गया। यह मेला हस्तशिल्प, संस्कृति और परंपरा के अद्भुत संगम का गवाह बना। समापन समारोह की शोभा बढ़ाने वाले मुख्य अतिथि विशेष सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग रचना पाटिल ने उदघाटन किया। इस मौके पर रचना पाटिल ने कहा कि कला नारी सममान को निखारती है। और महिलाओं का सममान उनके भविष्य में चार चांद लगाने के सममान है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से बिहार की महिलाओं के द्वारा निर्मित उत्पाद को बाजार मिलता है और ग्रामीण् अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। विशिष्ट अतिथिः क्षेत्रीय निदेशक, एनसीडीसी श्वेता कुजूर, सोहन कुमार झा वस्त्र मंत्रालय थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता



सहायक निदेशक (हस्तशिल्प), हस्तशिल्प सेवा केंद्र, वस्त्र मंत्रालय, मुकेश कुमार, व संचालन अंबपाली की अध्यक्ष अर्चना सिंह ने किया। आयोजक अर्चना सिंह ने बताया कि यह आयोजन हस्तशिल्प प्रेमियों के लिए एक सुनहरा अवसर था, जहाँ उन्होंने देशभर के प्रतिभाशाली शिल्पकारों की दुर्लभ और विशिष्ट कृतियों को नजदीक से देखा और खरीदा। यहां हर शाम आयोजित लोकगीत, नृत्य, नाटक और पारंपरिक प्रस्तुतियाँ दर्शकों को भारतीय संस्कृति से जोड़ती रहीं। इन लोक कलाओं के जीवंत प्रदर्शन ने मेले में आने वाले हजारों लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ग्राहकों की जबर्दस्त प्रतिक्रिया से यह आयोजन आर्थिक रूप से भी बेहद

» गांधी शिल्प बाजार राष्ट्रीय हस्तशिल्प, संस्कृति और कला का भव्य उत्सव संपन्न

सफल रहा। हस्तशिल्प कारीगरों को उनके परिश्रम का उचित मूल्य मिला, जिससे उनके जीवन और आजीविका में सकारात्मक बदलाव आया। समापन समारोह में में देशभर से आई महिला शिल्पियों को सम्मानित किया गया। अंबपाली से जुड़ी 21 महिला शिल्पियों को विशेष सम्मान दिया गया। इनमें नीतू देवी, मनोरमा देवी, मीना देवी, ममता भारती,रूमता देवी, सविता देवी, पिंकी देवी, सीमा देवी, रेखा देवी, संजु देवी, कौशल्या देवी, रीता देवी,कलावती देवी, सीमा देवी वीणा देवी, स्मिता परासर, सुशीला देवी, रूपा, नाहीदा, कमला देवी व माधुरी देवी के नाम है। यह मेला न केवल हस्तशिल्प और संस्कृति का उत्सव था, बल्कि कारीगरों और महिला शिल्पियों के लिए नए अवसरों का द्वार भी खोल गया। गांधी शिल्प बाजार (राष्ट्रीय) 2025 की शानदार सफलता के साथ, अब अगले वर्ष के आयोजन की बेसब्री से प्रतीक्षा की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मत्स्य विपणन किट का वितरण

**छपरा।** मछली बेचने के दौरान स्वच्छता का ख्याल रखते हुए सरकार

» जिला पदाधिकारी द्वारा 20 लाभुकों को दिया गया किट



द्वारा यह योजना चलाई जा रही है जिसमें अति पिछड़ा एवं अनुसूचित जाति के लोग, जो मछली बेचने का काम करते हैं, उन्हें मत्स्य विपणन किट दिया जाएगा। मत्स्य विपणन किट का वितरण इसुआपुर , पानापुर, बनियापुर, तरैया से चयनित लाभुकों के बीच किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी कहा कि सरकार के द्वारा चलाई गई यह योजना स्वच्छ एवं स्वास्थ्यवर्धक मछलियों को उपभोक्ताओं के बीच पहुंचाने में कारगर सिद्ध होगा। जिले में मछली का उत्पादन जितनी तेजी से हो रहा है। उसके लिए बाजार का होना आवश्यक है। सरकार इसके लिए लगातार प्रयत्नशील है I इस अवसर पर सुमन कुमार उप मत्स्य निदेशक, प्रदीप कुमार जिला मत्स्य पदाधिकारी, नरेंद्र कुमार,अमृता रंजन,आस्था मिश्रा, चंचला ,अख्तर हुसैन, राजू कुमार मत्स्य विकास पदाधिकारी, मत्स्य जीवी सहयोग समिति के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

### पुलिस को चकमा देकर भागने वाला आरोपी पर हुआ प्राथमिक दर्ज

**सुगौली।** पुलिस ने थाना परिसर से होमगार्ड जवान को घायल कर के भागे आरोपी समेत तीन पर प्राथमिकी दर्ज की है। दर्ज किए गए प्राथमिकी में अपर थानाध्यक्ष अभिनव राज ने बताया है कि जानकारी मिली की मनसिंघा गांव में ग्रामीणों द्वारा एक चोर को हथियार के साथ पकड़ कर रखे हुए है । घटना स्थल पर पहुंचा गया । तो मोहमद तारीफ के घर के पास एक कमरे में एक व्यक्ति को बंद कर के रखा गया था । लोगो ने बताया कि इस गांव से तीन रोज पूर्व एक बाइक की चोरी हुई थी । फिर बाईक की चोरी करने शुक्रवार की सुबह गांव में पहुंचे थे । ग्रामीणों ने देख कर हल्ला किया ग्रामीण द्वारा एक चोर को पकड़ लिया गया । पकड़ाया चोर बिगोइया गांव निवासी सचिंद्र यादव का पुत्र मनीष कुमार के रूप की गई । उकसे पास से एक कट्टा और एक गोली बरामद किया गया । पूछताछ में मनीष ने बताया की उसके साथ जयबाबू व रौशन कुमार चोरी करने आए थे । लेकिन मौके का फ़ायदा उठाकर दोनों भाग निकले आरोपी को गाडी से थाना लाया गया । थाना में हाजत ले जाने के दौरान आरोपी मनीष ने होमगार्ड के जवान सुरदर्शन के मारकर गिरा दिया और भाग निकला लेकीन बजार में भिड़ भाड़ होने के कारण आरोपी भागने में सफल रहा । थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को पकड़ने के लिए छापामारी कर रही है

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विभूतिपुर में महिला संगोष्ठी किया गया



**समस्तीपुर/विभूतिपुर।** प्रखंड के खदियाही गांव में सामाजिक संस्था दूर देहात द्वारा संचालित कौशल विकास केंद्र के सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को महिला संगोष्ठी संपन्न हुई।अध्यक्षता अनुपम राज ने की। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सामाजिक ढांचे को मजबूत रखने में महिलाओं की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पहले महिलाएं सिर्फ घर के कार्यों को देखती थी। अब उधम से राजनीतिक, नौकरी से सेवा तक के क्षेत्र में महिलाओं की संख्या अत्यधिक देखी जा रही है। जो विकास का सूचक है। मौके पर रूपम कुमारी, संगम कुमारी, रवीना कुमारी, संजना कुमारी, प्रीति कुमारी, रितिका कुमारी, पूनम कुमारी, शमा प्रवीण, छोटी कुमारी,आदि ने अपने विचार व्यक्त किया। दूर देहात के सचिव प्रभु नारायण झा ने बताया कि सम्पूर्ण का कार्यक्रम का संयोजन संस्था से जुड़ी प्रशिक्षण ले रही युवतियों के द्वारा किया गया था।

### पंचदेवरी के शेख बेइली चवंर के पोखरा में युवती का मिला शव



**पंचदेवरी, एक संवाददाता।** अपहृत युवक की तलाश करने गई कटेया पुलिस को पंचदेवरी प्रखंड के शेख बेईली गांव के चंवर के पोखर में एक युवती का शव मिल मिल गया। जिसके बाद पुलिस सकते में आ गई । पुलिस ने घंटों जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया । बरामद युवती की पहचान पंचदेवरी प्रखंड के राजपुर महंथ गांव निवासी अकलु महतो की 18 वर्षीय बेटी पूजा कुमारी के रूप में हुई है । घटना के संबंध में बताया जाता है कि मगहिया गांव निवासी राम बड़ाई खटीक ने अपने बेटे की लापता होने की सूचना कटेया पुलिस को शुक्रवार की शाम दी थी। जिसके बाद पुलिस ने जांच करते हुए शक के आधार पर राजापुर महंथ गांव के एक युवक को उठाकर पूछताछ कर रहे थे । पूछताछ में मिले सुराग के आधार पर पुलिस ने शनिवार की सुबह करीब 10 बजे शेख बेईली गांव के पोखर में छानबीन की जिसके बाद वहां से पूजा कुमारी का शव बरामद हुआ ।

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सफाई कर्मियों को अंग वस्त्र से किया गया सम्मानित

नई सोच एक्सप्रेस


सफाई कर्मियों को सम्मानित करती मुख्य पार्षद बबिता यादव

» महिलाएं अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति हैं जागरूक : मुख्य पार्षद बबिता कुमारी

**कटिहार।** जिले के बरारी नगर पंचायत कार्यालय के निकट समारोह आयोजित कर दर्जन भर सफाई कर्मी महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बरारी नगर पंचायत के मुख्य पार्षद बबीता कुमारी यादव एवं कार्यपालक पदाधिकारी सुश्री कुमारी स्वरा व सहायक स्वच्छता पदाधिकारी कुमारी सृष्टि सुमन के द्वारा सामुहिक रूप से साड़ी और प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा नगर पंचायत में बेहतर कार्य के लिए सफाई कर्मी पिंकी देवी, बिंची देवी और रेखा देवी को अंग वस्त्र के साथ कप देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए अपने संबोधन में मुख्य पार्षद बबीता कुमारी यादव ने कहा की आज के परिवेश में महिला हर क्षेत्र में आगे बढ़ती जा रही है।महिला अब किसी भी क्षेत्र में किसी से कम नहीं है।उन्होंने कहा कि महिला ममतामयी और त्यागमयी हैं।महिलाएं त्याग के बलबूते समाज के हर पहलू से जुडी हुई हैं वह आत्मनिर्भर और पढ़ी लिखी है।हर महिला आज अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक है। नौकरी पेशा महिलाओं की संख्या में लगातार अच्छी वृद्धि हो रही है जो हमारी शिक्षा के प्रति जागरूकता का प्रमाण है । कार्यपालक पदाधिकारी स्वेरा कुमारी ने कहा कि 50 प्रतिशत आरक्षण मिलने से महिलाएं अब सजग हो उठी है और हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी को बढा रही है।इस अवसर पर मुख्य पार्षद बबीता कुमारी यादव,मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी स्वरा कुमारी, पार्षद प्रतिनिधि नीरज कुमार कश्यप उर्फ हिटलर यादव,इन्जीनियर पल्लवी कुमारी, नगर पंचायत कार्यालय के विशाल कुमार, रिणा कुमारी, श्रवण कुमार,मो०बदरुद्दीन, सत्यम गोलू, मो०शहाव उद्दीन, गौरव कुमार, वार्ड पार्षद सदस्या राधिका देवी, पार्वती देवी, नाजनी बेगम ,मो०शकील उर्फ राजू ,राज कुमार राय,मुकेश चौधरी, मनीष झा, चमेली देवी ,पिंकी देवी, अजय यादव आदि दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## ग्रामीण क्षेत्र में बच्चे बच्चियां भी कंप्यूटर में लहराएंगे अब अपना परचम




नई सोच एक्सप्रेस

**जहानाबाद।** काको प्रखंड क्षेत्र के अली नगर पाली में कंप्यूटर का शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों को नेशनल इंस्टीट्यूट आफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी भारत सरकार और राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिषद दिल्ली के द्वारा संचालित संस्थान पंजतन फाउंडेशन सह ईशा कंप्यूटर जोन में दर्जनों छात्र छात्राओं को कंप्यूटर किताब वितरण किया गया। संस्था के इंचार्ज सैयद मुशर्रफ इमाम ने बताया कि इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा बच्चों को एक साल का कंप्यूटर कोर्स कराया जाता है। जिसमें बच्चों को निःशुल्क कंप्यूटर किताबें दी जाती है।ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार द्वारा संचालित इस तरह के कंप्यूटर कोर्स से बच्चों को काफी लाभ मिल रहा है। संस्थान में कंप्यूटर की शिक्षा ग्रहण कर बच्चे अपना भविष्य उज्जवल बना रहे हैं। वर्तमान समय में हर काम कंप्यूटर से ही हो रहा है और कंप्यूटर के ज्ञान के बिना इंसान अधूरा है। ग्रामीण क्षेत्र की लड़कियां भी कंप्यूटर शिक्षा प्राप्त कर अपने जीवन को उज्वल बना रही हैं। इस कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे दुर्गा प्रसाद ने कहा कि इस तरह का कोर्स सरकार द्वारा चला कर बच्चों को शिक्षित कर रोजगार दिलाना एक बहुत बड़ा सरहानीय कदम है। इस कार्यक्रम में शिक्षक खुर्शीद आलम,विनीत शेखर,मो.सोहेल,अनु कुमारी,सदफ परवीन,जसीम अख्तर सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## गड़खा में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा



नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा।** जिले के गड़खा प्रखण्ड अंतर्गत बसंत रोड स्थित हरेश्वर महादेव मंदिर में राधे-कृष्ण एवं शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य कलश यात्रा श्रीधर बाबा के शिष्य मुरारी स्वामी के नेतृत्व में निकाली गई। कलश यात्रा में हाथी, ऊंट, घोड़े, डीजे, बैंड-बाजा के साथ सैकड़ो महिलाएं और पुरुष लाल पीले वस्त्रों में सुसज्जित होकर मंदिर परिसर से बसंत रोड होते हुए शहीद चौक के रास्ते कैलाश आश्रम पहुंचे। जहां ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच गंगा नदी से लाई गई पवित्र जल को कलश में भरवाया। हर हर महादेव, जय श्री राम के जयकारे से माहौल भक्तिमय बन गया। पुनः कलश यात्रा खोदाईबाग रोड होते हुए मंदिर परिसर पहुंची। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि 9 मार्च को नगर भ्रमण एवं मंडप प्रवेश तथा 10 मार्च प्राण प्रतिष्ठा एवं अखंड अष्टयाम प्रारंभ होगा तथा 11 मार्च को पूर्णाहुति पर भव्य भंडारा और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# विश्वविद्यालय की बेटियों के लिए बड़ी सौगात, कैम्पस में लगी सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन

नई सोच एक्सप्रेस



**छपरा।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय कैम्पस में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन लगाकर किशोरियों के स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा दिया गया है। सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन का उद्घाटन करते हुए कुलपति डा. प्रमेन्द्र कुमार वाजपेई ने कहा कि यह प्रयास मासिक धर्म स्वच्छता को बढ़ावा देने और महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नेता शैलेन्द्र सेंगर की भूरी- भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि अगर राजनीतिक दल के नेता ऐसे सामाजिक प्रगतिशीलता वाले कार्य करेंगे तो निश्चित ही समाज में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उद्घाटन समारोह में उपस्थित विश्वविद्यालय के रजिस्टार डा. नारायण दास ने कहा कि यह एक अनूठी पहल है। उन्होंने कहा कि मेरा सेंगर जी से आग्रह है कि जिन कॉलेजों में अभी तक आप यह कार्य नहीं कर पायें हैं उसे पूरा करवायें । जिससे बच्चियों को यह लाभ मिल सके। इस अवसर पर उपस्थित शैलेन्द्र सेंगर ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य स्कूल जाने वाली लड़कियों और महिलाओं के लिए सैनिटरी पैड तक आसान पहुंच प्रदान करना, बेहतर मासिक धर्म स्वास्थ्य प्रबंधन सुनिश्चित करना और मासिक धर्म से जुड़े बिना मतलब के कलंक को कम करना है। यह पहल यह सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण कदम है कि हर लड़की को स्वच्छ मासिक धर्म उत्पादों तक पहुंच हो, जो बदले में महिलाओं और पर्यावरण की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार करने में मदद करता है।उन्होंने कहा कि ये चिकित्सकीय रूप से परीक्षण किए गए सैनिटरी पैड हैं और इसका स्वच्छता और स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से बेहतर उपयोग है। इस अवसर पर प्रोफेसर अनिल कुमार सिंह,डा. विश्वमित्र पांडेय, नारायण कॉलेज गोरियाकोठी के प्राचार्य डा. प्रमेन्द्र कुमार सिंह, जया पाण्डेय, नेहा पांडेय, नीतू सिंह, रजनीकांत सिंह,कुणाल कुमार सिंह, विवेक कुमार विजय, गुलशन कुमार यादव सहित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# परिवर्तनकारी शिक्षक संघ ने किया कमिटी गठन के फैसले का स्वागत

नई सोच एक्सप्रेस



» शिक्षकों की न्याय संगत माँग पर विचार करते हुए कमिटी दे रिपोर्ट : समरेंद्र

**छपरा।** शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने विधान परिषद में बिहार के सरकारी स्कूलों में नियोजित तथा विशिष्ट शिक्षकों की वेतन विसंगतियां दूर करने तथा सेवा निरंतरता का लाभ देने के मामले पर कमिटी गठित कर उचित निर्णय लेने की घोषणा की। शिक्षा मंत्री के इस बयान का स्वागत करते हुए परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष समरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि संघ द्वारा सरकार से लगातार विशिष्ट शिक्षकों को वेतन संरक्षण और सेवा निरंतरता का लाभ देने की माँग की जा रही थी,शिक्षकों को वेतन संरक्षण तो दिया जा रहा पर अब तक सेवा निरंतरता के मांग पर विभाग ने चुप्पी साध रखी थी। उन्होंने कहा कि शिक्षामंत्री की इस घोषणा के बाद शिक्षकों की न्याय संगत माँग पर विचार करते हुए कमिटी को अपनी रिपोर्ट सौंपनी चाहिए क्योंकि शिक्षकों ने वर्षों जो सेवा की है उसके बाद पुराने सेवा को यूं ही अचानक समाप्त किया जाना शिक्षकों के साथ नाइंसाफी होगा। इस मौके पर शिक्षक नेता संजय यादव,विनोद राय,इंद्रजीत महतो,निजाम अहमद,हवलदार मांझी,अनुज यादव,पीयूष तिवारी,एहसान अंसारी,जिंतेंद्र राम,रणजीत सिंह,शौकत अली,संतोष कुमार सिंह,बलराम यादव,मोईनुद्दीन अंसारी,विनायक यादव,श्यामबाबू सिंह,प्रकाश रमन,अशोक यादव सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

# मौलाना मजहरूल हक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर "सेमिनार" का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**समस्तीपुर।** दिनांक 08/03/2025 को मौलाना मजहरूल हक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय समस्तीपुर में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर "सेमिनार" एवं "परिचर्चा" का आयोजन किया गया । इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अंजुम वारिस ने अपने संबोधन में इस महिला दिवस पर बोलते हुए कहा कि इसका उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सम्मान देना है । महिलाओं ने इतिहास में हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ी है, चाहे वह शिक्षा हो, राजनीति हो, विज्ञान हो या खेल का मैदान। महाविद्यालय के सचिव मो० अबू सईद ने कहा कि दुनिया भर में हर साल 8 मार्च का दिन अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है. महिलाओं की आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक सहित विभिन्न क्षेत्रों में भागीदारी बढ़ाने और अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है. इसके साथ ही इस दिवस को मनाने के पीछे एक कारण विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय महिलाओं के प्रति सम्मान प्रकट करना भी है । इस अवसर अन्य लोगों के अलावा प्राध्यापक अशोक कुमार अकेला, डॉ० रंजीता कुमारी, रंजना कुमारी, डॉ दीपा गुप्ता, इशराक आलम, डॉ० आशीष कुमार, स्वाति कुमारी, सकीना बानो, विकास मिश्रा, डॉ० सेराज अहमद, मो० नज़ीर, शशि कुमार, गौतम गोविन्द, प्रमोद कुमार सिंह, राम शंकर राय, रंजन कुमार, अवधेश कुमार आदि ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए । छात्रध्यापक ट्विंकल कुमारी, राकेश कुमार महतो, सुमित कुमार, किशलय कुमार, स्नेहसुधा भारती, खुशबू कुमारी, राहुल कुमार, रानी प्रवीण आदि ने भाग लिया ।



लेट्स इंस्पायर बिहार
राहुल कुमार सिंह
मुख्य कोऑडिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

# युवाओं पर निर्भर बिहार का भविष्य

नई सोच एक्सप्रेस



**[ 30 वर्ष से कम आयु के लगभग 9 करोड़ आबादी युवाओं की है और, यह बिहार का बहुत बड़ा खज़ाना है। आईपीएस विकास वैभव दया और प्रेम जैसे मानवीय गुणों को बिहार के युवाओं में बढ़ा रहे हैं। अपने सरकारी दायित्वों को निभाते हुए, जिस निष्ठा से वो बिहार के युवाओं में प्रेम और दया जैसे मानवीय मूल्यों को बढ़ा रहे हैं, वह विस्मित करने वाला है।**

] नव बिहार का निर्माण अब संभव दिख रहा है। और, ऐसा प्रतीत हो रहा है कि युवा साथ दें दे तो, बिहार भारत का ताज बन कर रहेगा। और, इस कार्य को दया और प्रेम जैसे मानवीय मूल्यों से ओत प्रोत युवाओं के बल पर ही करना संभव है। और, इस नेक कार्य को आईपीएस विकास वैभव कर रहे हैं। जातिवाद, क्षेत्रवाद और धर्मवाद जैसे लघुवादों ने आपसी प्रेम और सौहार्द के बीच दीवार खड़ी कर रहीं हैं। इस स्थिति में युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। क्योंकि, युवा भटक रहे हैं। लघुवाद ने आपसी वैमनश्व का भयंकर आग लगाने का प्रयास कर दिया है। जातिवाद रूपी अग्नि में युवाओं का भविष्य जल रहा है। इन परिस्थितियों में युवाओं के अंदर मानवीय मूल्यों का ह्रास तेज़ी से हो रहा है। युवा अपनी संस्कृति से और मानवीय संवेदनाओं से बहुत दूर निकल पड़े हैं। माता पिता को भी उनके अनितिक आचरण और व्यवहार से तिरस्कार का सामना करना पड़ रहा है। जनसंख्या वृद्धि और प्रति व्यक्ति आय में कमी बिहार में बेरोजगारी, बीमारी और दूषित पर्यावरण को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई हैं। आईपीएस विकास वैभव ने इन परिस्थितियों को समझा और घोर चिन्तन किया। लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करने का प्रयास कर रहे है। इस बात पर चिन्तन किया जा रहा है कि आने वाली पीढ़ियों को हम बीमारीयों से मुक्त कर दें, सुंदर और स्वच्छ पर्यावरण दे दें। हर घर में मानवीय संवेदनाओं का दीप प्रज्वलित करने के लिए आईपीएस विकास वैभव लगातार कठीन परिश्रम कर रहे है। बिहार को सुंदर बनाने हेतु और युवाओं को सही दिशा में रखने वाला हर वो प्रयास लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के मार्गदर्शक कर रहे है। एक तरह से आईपीएस विकास वैभव सभी युवाओं को एक मंच पर लाने के लिए कठोर तपस्या में स्वयं को लीन कर लिया है। सामाज के तमाम बौद्धिक इस प्रयास की सराहना भी कर रहे हैं। जिस प्रकार से लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान का विचार तीव्रता से विचारधारा में तब्दील हो रहा है, वो दिन दूर नहीं होगा जब, हर दरवाजे के चौखट पर खड़ा युवा अपने बिहार के लिए संकल्पित होगा। युवाओं के हृदय के कोष्ठों में प्रेम, दया और देशभक्ति के दीप को प्रज्ज्वलित कर, अपनी धरा से अज्ञानता,अनैतिकता, असंवेदनशीलता और प्रदूषण जैसे अंधकार को दूर करने वाले आईपीएस विकास वैभव को बिहार का इतिहास भूल नहीं पाएगा। प्राचीन वैदिक साहित्यों को पढ़ते हैं तो, देवासुर संग्राम की जानकारी मिलती हैं, धर्म अधर्म और सत्य असत्य के बीच संघर्ष को भी देखते हैं। आज के परिवेश में व्यक्तियों के मस्तिष्क का अध्ययन और अनुभव यहीं ज्ञान दे रहा हैं कि प्रत्येक व्यक्ति में देव और असुर दोनों मौजूद हैं। देव के जागृत रहने पर समाज में रचनात्मक कार्य होने लगते हैं। और, असुर के जागृत रहने पर विध्वंसक कार्य। आईपीएस विकास वैभव लगातार बिहार के युवाओं को मनुष्य बनने की सलाह देते हैं। और, सज्जनों का साथ देने के लिए प्रेरित करते आ रहे हैं। मुख्य रूप से, लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के माध्यम से बिहार में शिक्षा समता और उद्यमिता के विकास को बढ़ाने जैसे रचनात्मक कार्यों के लिए युवाओं को प्रेरित करते हैं। आईपीएस विकास वैभव दया और प्रेम जैसे मानवीय गुणों को बिहार के युवाओं में बढ़ा रहे हैं। अपने सरकारी दायित्वों को निभाते हुए, जिस निष्ठा से वो बिहार के युवाओं में प्रेम और दया जैसे मानवीय मूल्यों को बढ़ा रहे हैं, वह विस्मित करने वाला है। ऐसा लगता है कि विश्राम नाम का शब्द उनके जीवन में है ही नहीं। बिहार के हर नागरिक को उनकी तरह एकाउंटेबिलीटी निभाने के लिए प्रेरित होना चाहिए। इस लेख के माध्यम से बिहार के लोगों से आग्रह कर रहा हूं कि समाज के रचनाकार बनिए विध्वंसक नहीं। आइए, सभी उनके संकल्प के साथ खड़े हो जाते हैं। आइए, मिलकर बिहार को प्रेरित करते हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिले में आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रम



नई सोच एक्सप्रेस

**जहानाबाद।** प्रत्येक वर्ष 08 मार्च को विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान एवं उनकी आर्थिक, राजनीतिक एवं सामाजिक उपलब्धियों के उपलक्ष्य में उत्सव के तौर पर यह अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का थीम सभी महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए अधिकार , समानता एवं सशक्तिकरण है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कला,संस्कृति एवं युवा विभाग तथा महिला एवं बाल विकास निगम के संयुक्त सौजन्य से जहानाबाद नगर परिषद क्षेत्र के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस सम्मान समारोह का शुभारंभ माननीय सदस्य बिहार विधान पार्षद डॉ० प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय, पुलिस अधीक्षक अरविन्द प्रताप सिंह, माननीय विधायक, कुमार कृष्ण मोहन एवं नगर परिषद अध्यक्षा रूपा देवी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस सम्मान समारोह में जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं को जिला पदाधिकारी एवं आगत अतिथियों द्वारा नायिका पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उन सभी को भेंट स्वरूप स्मार्ट वॉच भी दिया गया। इस भव्य समारोह में विभिन्न विद्यालयों से आई छात्राओं द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। जिलाधिकारी द्वारा साहित्यकार सावित्री सुमन, महिला खिलाड़ी मोनिका शर्मा तथा महिला उद्यमी प्रियंका कुमारी को नायिका पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस पावन अवसर पर उपस्थित सभा को महिलाओं पर आधारित लघु फिल्में तथा बहु चर्चित फिल्म लापता लेडीज़ का प्रदर्शन भी किया गया । इस अवसर पर माननीय सदस्य बिहार विधान पार्षद डॉ० प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय, पुलिस अधीक्षक अरविन्द प्रताप सिंह, माननीय विधायक, जहानाबाद श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सूदय यादव, नगर परिषद अध्यक्षा श्रीमती रूपा देवी, बीसुत्री उपाध्यक्ष श्री दिलीप कुशवाहा, माननीय सांसद प्रतिनिधि श्री धर्मपाल सिंह यादव सहित अन्य पदाधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### नई साझेदारी के साथ हुआ डैनफॉस इंडिया का पूर्वी भारत और नेपाल में पहुंच का विस्तार



**पटना**। डैनफॉस, एनर्जी-एफिसियेंट सॉल्युशन के क्षेत्र में एक ग्लोबल लीडर, ने इंडस्ट्रियल रेफ्रिजरेशन उत्पादों के लिए पटना स्थित क्लासिकल पंप सर्विसेज को अपना आधिकारिक रीसेलर नियुक्त करके पूर्वी भारत और नेपाल में अपनी पहुंच का विस्तार किया है। इस रणनीतिक साझेदारी के पीछे बीजर रेफ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का सहयोग है एवं इसका उद्देश्य बिहार, झारखंड और नेपाल में डैनफॉस के इंडस्ट्रियल रेफ्रिजरेशन उत्पादों की उपलब्धता को बढ़ाना है, जिससे इस क्षेत्र के ग्राहकों को बेहतर सर्विस और सपोर्ट सुनिश्चित रूप से मिल सकेगी। डैनफॉस को अपने अत्याधुनिक इंडस्ट्रियल रेफ्रिजरेशन उत्पादों के लिए जाना जाता है, जो प्रमुख रूप से फूड प्रोसेसिंग, कोल्ड स्टोरेज और फार्मास्यूटिकल्स जैसे उद्योगों में ऊर्जा-कुशल और सुरक्षित रेफ्रिजरेशन उत्पाद मुहैया कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह कंपनी अपने ग्राहकों की विकसित होती जरूरतों को पूरा करने के लिए अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी पेश कर नवाचार लाने और संधारणीयता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। डैनफॉस इंडिया के प्रेसिडेंट रविचंद्रन पुरुषोत्तमन ने कहा, "डैनफॉस इंडिया में, यह हमारी प्रतिबद्धता है कि भारतीय उद्योगों को संधारणीय एवं ऊर्जा-कुशल उत्पाद प्रदान करके इसे सशक्त बनाया जाए। बीजर रेफ इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर स्वतंत्र गगनेजा ने इस पार्टनरशिप के लिए अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, "हमें क्लासिकल पंप सर्विसेज के साथ सहयोग करने की प्रसन्नता है, जिसकी सहायता से हम डैनफॉस के वर्ल्ड क्लास इंडस्ट्रियल रेफ्रिजरेशन उत्पादों को अपने ग्राहकों के और करीब ला पाएंगे। डैनफॉस क्लाइमेट सॉल्यूशंस सेल्स, इंडिया रीजन के हेड मधुर सहगल ने कहा, "जहाँ बिहार, झारखंड और नेपाल में इंडस्ट्रियल रेफ्रिजरेशन उत्पादों की मांग बढ़ी है, वहीं इस पार्टनरशिप की बदौलत हम स्थानीय रूप से आवश्यक सपोर्ट प्रदान करते हुए अपने ग्राहकों को बेस्ट-इन-क्लास टेक्नोलॉजी भी प्रदान करने में सक्षम रहेंगे। क्लासिकल पंप सर्विसेज के मैनेजिंग डायरेक्टर आनंद श्रॉफ ने कहा, "डैनफॉस और बीजर रेफ इंडिया के साथ साझेदारी करना हमारे लिए एक नई उपलब्धि के समान है।

### मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने गौतमबुद्ध नगर स्थित सिफी डाटा सेंटर का फीता काटकर किया उद्घाटन व आयोजित यज्ञ में दी आहुति

» सिफी डाटा सेंटर में मा0 मुख्यमंत्री ने तिरुपति बालाजी के चित्र का भी किया लोकार्पण, वेंकटेश्वर स्वामी की स्तुतियों का किया श्रवण

» डाटा सेंटर के विभिन्न विभागों, कार्यप्रणालियों और संचालन प्रक्रिया की मा0 मुख्यमंत्री ने ली जानकारी



**गौतमबुद्ध नगर**। मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सिफी डाटा सेंटर का उद्घाटन किया। गौतमबुद्धनगर के सेक्टर 132 स्थित डाटा सेंटर के उद्घाटन व लोकार्पण समारोह में हिस्सा लेते हुए मा0 मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के आधुनिक युग की आवश्यकता के अनुसार, युवाओं की जरूरतों और वैश्विक परिदृश्य के अनुसार, हमने अपने अनुसंधान और विकास के माध्यम से उस प्रकार की तकनीक पर नीतियां तैयार की हैं। उन्होंने कहा कि हमने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में एक बड़ी छलांग लगाई है, जिसके सकारात्मक परिणाम आज हम सबको स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। उन्होंने सिफी के डाटा सेंटर का उद्घाटन फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने तिरुपति बालाजी के चित्र का लोकार्पण करते हुए वेंकटेश्वर स्वामी की स्तुतियों का श्रवण किया तथा सिफी को शुभकामनाएं दीं। मा0 मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के शीर्ष उपलब्धि वाले राज्य के रूप में, उत्तर प्रदेश ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। निवेश मित्र सिंगल विंडो क्लियरेंस सिस्टम हमारी पारदर्शी प्रक्रिया को दर्शाता है और प्रदेश में उद्योगपरक नीतियों को लागू करने का ही परिणाम आज हम सब देख रहे हैं। उन्होंने डाटा सेंटर का भ्रमण करते हुए विभिन्न विभागों, कार्यप्रणालियों और संचालन प्रक्रिया के साथ ही यहां लोगों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कमांड सेंटर और सर्वर रूम का आवलोकन भी किया और डाटा सेंटर के विभिन्न तकनीकी पहलुओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान मा0 मुख्यमंत्री जी के साथ मा0 वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, मा0 औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, चीफ सेक्रेटरी मनोज कुमार सिंह समेत वरिष्ठ अधिकारी तथा सिफी के निदेशक, प्रबंधक व अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।सौजन्य से सूचना विभाग गौतमबुद्धनगर।

### कटिहार में मखाना बोर्ड की स्थापना होने से किसानों को काफी लाभ मिलेगा : तारिक अनवर



**कटिहार**। कांग्रेस पार्टी के सांसद तारिक अनवर ने का जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील यादव के आवास पर संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। सांसद तारिक अनवर ने संवाददाता सम्मेलन में सबसे पहले होली की शुभकामनाएं सभी को दिया। सांसद श्री अनवर ने कहा कि कटिहार में मखाना बोर्ड की स्थापना होने से किसानों को काफी लाभ मिलेगा। मखाना किसान को मखाना का सही-सही कीमत मिल सकेंगा।कटिहार जिले में मखाना की खेती सबसे अधिक होती है। इसलिए कटिहार जिले में मखाना बोर्ड की स्थापना होनी चाहिए। इस कार्य को अमली जामा बनाने के लिए सीमांचल क्षेत्र के सभी सांसद लगे हुए हैं। श्री अनवर ने कहा कि कटिहार में जुट पार्क बननी चाहिए कटिहार में जुट की खेती बड़े पैमाने पर होती आ रही है। इसलिए कटिहार में जुट पार्क की स्थापना हो जाने से यहां के जुट किसान को काफी लाभ मिलेगा। साथ ही बेरोजगारों को रोजगार का बेहतर अवसर मिलेगा। कटिहार में 54 एकड़ जमीन बेकार पड़ा है।उस जमीन का भी सदुपयोग हो जाएगा। सांसद श्री अनवर ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव 6 माह में हो जाएगा। इसकी तैयारी पार्टी को कर लेना चाहिए। चुनाव की तिथि से 3 माह पूर्व उम्मीदवारों की घोषणा हो जाने से उम्मीदवार सहित मैनेजमेंट कर्ता को काफी समय मिल जाता है। जिससे उम्मीदवार को काफी लाभ मिलेगा। श्री अनवर ने कहा कि 12 मार्च को बिहार राज्य कांग्रेस कमेटी की बैठक होना है। इस बैठक में सभी महत्वपूर्ण फैसले लिए जाएंगे।इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनील यादव, कांग्रेस नेता तौकीर आलम, पूर्व विधायक सुनीता देवी, कांग्रेस नेता पंकज तंबाकू वाला, राजेश मिश्रा सहित दर्जनों कांग्रेस नेता उपस्थित थे।

# म्युज़िक वीडियो "हमारा कॉलेज में जाना" की सक्सेस पार्टी में अनूप जलोटा ने टीम को दी बधाई

नई सोच एक्सप्रेस



**मुंबई**। 90 के दशक की मेलोडी को आज भी सबसे ज्यादा सुना जाता है। उसी ज़माने के गीत संगीत और बातों की याद को ताजा करने वाला म्युज़िक वीडियो "हमारा कॉलेज में जाना" रेड रिबन म्युज़िक कंपनी से रिलीज़ होकर काफी लोकप्रिय हो रहा है। इस गीत की सफलता का जश्न मुम्बई के जुहू स्थित हयात सेंट्रिक होटल में मनाया गया जहां पद्मश्री अनूप जलोटा इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस म्युज़िक वीडियो की गीतकार और निर्मात्री मीती बग्गा, गायिका और संगीतकार सुजाता त्रिवेदी, वीडियो निर्देशक विवेक प्रकाश हैं जबकि द्रक्षा शर्मा और अर्नव शर्मा ने इस वीडियो में फीचर किया है। बता दें कि मीती बग्गा एक प्रसिद्ध फ़ैशन डिज़ाइनर हैं लेकिन उनकी क़लम भी अब जादू बिखेर रही है। बतौर लिरिक्स राइटर उनके कुछ गाने पहले भी आ चुके हैं मगर ये वाला गाना अपने आप में एक ख़ास तरह की ख़ुशबू और रोमांस से भरपूर है। इस कार्यक्रम में म्युज़िक वीडियो की मेकिंग भी दिखाई गई। अल्बम के बारे में क्विज किया गया जो काफी रोचक रहा। म्युज़िक वीडियो को दो बार स्क्रीन पर दर्शाया गया जिसे सभी ने सराहा और पवित्र प्रेम व जादुई संगीत में दर्शक खो गए। रेड रिबन की एमडी लालित्य मुन्शा ने पुष्पगुच्छ देकर अनूप जलोटा का सत्कार किया वहीं इस अवसर पर अनूप जलोटा ने मीती बग्गा सहित पूरी टीम को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। इस मौके पर बिग बॉस 12 फेम गायक दीपक ठाकुर, रोली प्रकाश की भी विशेष उपस्थिति रही। स्टेज पर निर्मात्री और गीतकार मीती बग्गा ने शायरी सुनाकर सबको आश्चर्य चकित कर दिया। वहीं संगीतकार गायिका सुजाता त्रिवेदी ने यह गीत प्यारी आवाज में सुनाया तो सब दिलकशी में खो गए। प्रेरणा गुप्ता ने अपनी एंकरिंग से कार्यक्रम को और भी दिलचस्प बना दिया। विवेक प्रकाश जो अपने आप को एक संगीतकार एवं गायक के रूप में पहले ही सिद्ध कर चुके हैं, उन्होंने इस गीत का वीडियो निर्देशन भी बहुत सुंदरता और परिपक्वता से किया है और गीत में छुपे हुए रोमांस को बहुत ही सहजता एवं सुंदरता से प्रस्तुत किया है। कोरियोग्राफर तान्या रवींद्रन ने इस गीत को अपनी बेहतरीन कोरियोग्राफी से और भी सजा दिया है। लालित्य मुन्शा, मैनेजिंग डायरेक्टर, रेड रिबन, कहती हैं, "रेड रिबन में हमारा सदैव प्रयास रहा है कि हम उत्कृष्ट संगीत रिलीज़ और प्रमोट करें। मुझे पूरा विश्वास है कि यह म्यूजिक वीडियो "हमारा कॉलेज में जाना" और भी बड़ी सफलता हासिल करेगा। इसे अभी हमारे रेड रिबन म्यूजिक यूट्यूब चैनल पर देखें और साझा करें।" "हमारा कॉलेज में जाना" रेड रिबन एंटरटेनमेंट के ऑफिशियल चैनल पर रिलीज हुआ है जिसे संगीत प्रेमियों की अद्भुत प्रतिक्रिया मिल रही है। गाना 1990 के दशक में श्रोताओं और दर्शकों को ले जाता है। बड़ी खूबसूरती से इसका वीडियो शूट किया गया है। द्रक्षा शर्मा बेहद क्यूट लग रही हैं और म्युज़िक वीडियो बड़ा ही प्यारा लग रहा है। गेस्ट ऑफ ऑनर अनूप जलोटा ने गीत के सफल रिलीज़ के सेलिब्रेशन के मौके पर अल्बम से जुड़ी पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रोड्यूसर मीति बग्गा ने इसके लिरिक्स बड़े खूबसूरत लिखे हैं जो दिल को छू जाते हैं। ऐसा लगता है कि उन्होंने अपने कॉलेज टाइम के अनुभवों को इस गीत में पेश कर दिया है। सुजाता त्रिवेदी ने इसको बढ़िया से कम्पोज़ किया है और उतनी ही शिद्दत से गाया भी है। द्रक्षा और अर्णव शर्मा की केमिस्ट्री कमाल की लग रही है। यह गीत अभी और लोकप्रियता हासिल करेगा।

# महिला दिवस पर अनिल गौड बोले नारी का सम्मान जहां होता है वहां देवता विराजते हैं

नई सोच एक्सप्रेस

» हिंदू सनातन धर्म में महिलाओं का सम्मान किया जाता है



**नई दिल्ली**। महिला दिवस के मौके पर भाजपा विधायक पूर्व प्रत्याशी निगम पार्षद श्री अनिल गौड़ शर्मा बोले आदिशक्ति मां भगवती के आशीर्वाद वरदान प्राप्त कर भगवान खाटू श्याम एक अजय और अमर योद्धा मदन दानी कहलाए आज बाबा खाटू श्याम के संकीर्तन जागरण में पहुंचे भाजपा के पूर्व विधायक प्रत्याशी व निगम पार्षद अनिल गौड़ शर्मा तथा आयोजन विख्यात समाजसेवक ज्वेलर्स पीतम वर्मा मुख्य रूप भाजपा वरिष्ठ नेता योगेंद्र राजोरा भारतीय जनता पार्टी की मुख्य जिला अध्यक्ष पूनम चौहान सहित गण मान्य व्यक्ति उपस्थित थे इस मौके पर भाजपा पूर्व प्रत्याशी वर्तमान निगम पार्षद अनिल गौड़ शर्मा ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा की भगवान श्री खाटू श्याम ने मां भगवती की आराधना करते हुए उन्होंने वरदान प्राप्त किया भगवान खाटू श्याम जी ने हम पूर्व में बर्बरीक के नाम से भी जानते थे वह एक महान दानी हुए और अपनी मां और नारी जाति का बहुत ही सम्मान करते थे जिन्हें हम आज के समय में हर का सहारा भी कहते हैं आज हमारे भारतवर्ष में नारी शक्ति का बहुत ही सम्मान किया जाता है जितना सम्मान सनातन धर्म में किया जाता है उतना सम्मान अन्य किसी पंथ जाति में नहीं किया जाता आज महिला दिवस के मौके पर मैं तमाम देश की अपनी माता बहनों को मुबारकबाद देना चाहता हूं कि आज भारत की नई हर क्षेत्र में मजबूत व सक्षम है चाहे वह घर में हो या राणा क्षेत्र में हो आज की भारतीय नारी हवाई जहाज पुलिस फौजी आदि महाकों में आगे बढ़कर भारत का शानदार नेतृत्व कर रही है यही नहीं भारतीय नारी अंतरिक्ष में भी अपनी बात का लोहा मनवा चुकी है भारतीय नारी किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से काम नहीं है और आज हमारी दिल्ली की मुख्यमंत्री बहन रेखा गुप्ता जी दिल्ली का नेतृत्वकर महिलाओं की शान बन चुकी है इस मौके पर भाजपा विधायक पूर्व प्रत्याशी तथा वर्तमान में निगम पार्षद अनिल गौड़ शर्मा ने देवी दीपिका चंदेल वरिष्ठ भाजपा उपाध्यक्ष को सम्मानित करते हुए कहा कि हमारी बेटी देवी दीपिका चंदेल राजनीति व शिक्षा व धार्मिक क्षेत्र में कामयाबी की बुलंदी छू रही है इसे देखकर हमें गर्व महसूस होता है और आज हम इसे यहां सम्मानित कर गर्व महसूस कर रहे हैं देवी दीपिका सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने के साथ-साथ वकालत की शिक्षा प्राप्त कर रही हैं और भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व करते हुए हमारे उत्तर पूर्वी जिला में वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा के पद पर कार्य कर रही हैं यह हमारे लिए बहुत ही गर्व का विषय है कितने अच्छे संस्कार तथा समाज का नेतृत्व करने में सबसे आगे बढ़ चढ़कर रहतो है।

### जावेद हबीब सैलून जगदेव पथ में होली तक ग्राहकों को 50 प्रतिशत तक की विशेष छूट



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। जावेद हबीब यूनिसेक्स सैलून पिलर नंबर 13, जगदेवपथ, बेली रोड शाखा ने अपने पहले वर्षगांठ को बड़े ही धूमधाम से मनाया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में इस शाखा ने ब्राइडल स्टूडियो का शुभारंभ किया। इस ब्राइडल स्टूडियो में महिलाओं को सभी सुविधा आसानी से एक ही छत के नीचे मिल सकेगी। सैलून के जगदेवपथ फ्रैंचाइज ओनर कृपाशंकर ने बताया कि वर्षगांठ के अवसर पर हम अपने ग्राहकों को होली तक सभी सेवाओं पर 50 प्रतिशत तक की विशेष छूट दे रहे हैं जिससे वो हमारे प्रीमियम सुविधाओं का कम खर्च पर लाभ भी उठा पाएंगे। हमारा उद्देश्य ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता की सुविधा उपलब्ध कराना है। हमारे ब्रांच में सभी प्रतिष्ठित कंपनियों का प्रोडक्ट्स उपलब्ध है जो हमारे ग्राहकों के त्वचा, बाल, नाख़ून और अन्य सभी सौंदर्य चीजों को निखारने में मदद करता है। बेहतरीन इंटीरियर के बीच ग्राहक एक आनंदमयी वातावरण का अनुभव ले सकते हैं। यहाँ के स्टाफ काफी अनुभवी और सहयोगी हैं। उन्होंने लोगों से इस लग्जरी यूनिसेक्स सैलून की सेवा लेने की अपील की। मौके पर सैलून के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

## नियाज़ हॉस्पिटल के द्वारा मुफ्त स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया

नई सोच एक्सप्रेस



**किशनगंज**। किशनगंज दिघलबैंक प्रखंड अंतर्गत मंगुरा पंचायत सरकार भवन में किशनगंज ठाकुरगंज के चर्चित नियाज हॉस्पिटल के द्वारा आयुष्मान भारत कार्ड लाभार्थियों का मुफ्त में शिविर लगाकर किया गया इलाज ईलाज के साथ डाक्टरों की टीम ने निसहाय कमजोर व आर्थिक रूप से कमजोर लोग जो ठाकुरगंज हॉस्पिटल तक नहीं पहुंच पा रहे हैं वैसे लोगों का इलाज कर जिले सहित इलाके में एक मिशाल पेश कर रही है ओर लोगों यह जानकारी देते हुए आग्रह कर रहे हैं कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे आयुष्मान भारत कार्ड का भरपुर लाभ उठाएं गांव समाज में जितने भी पथरी अपोंडिकस हर्निया हाइड्रोसील सी, बी, डी ,स्टोन हड्डी के फेक्चर व आर्थोराईटिस आदि के मरीज हैं और गर्भवती महिलाओं से संबंधित हर प्रकार की बिमारियों से पीड़ित हैं वैसे आयुष्मान भारत कार्ड लाभार्थियों का सफल इलाज नियाज़ हॉस्पिटल ठाकुरगंज में लाकर मुफ्त करवाए व नियाज़ हॉस्पिटल के कर्मचारियों को सेवा करने का मौका दे इस शिविर को सफल बनाने में मंगुरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मो0 मैराज रजा नियाज़ हॉस्पिटल के संचालक डा0 आसिफ सेईद डा0 आमिर सेईद ओरेल डेन्टल व डा0 गुलाम डावर शिशु रोग विशेषज्ञ समाज सेवी मो0 अख्तर आलम व पम्मी बेगम आदि का भरपुर सहयोग रहा।

## ओलंपिक पदक विजेता ललित को एमजी विंडसर देकर सम्मानित किया

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम के स्ट्राइकर और ओलंपिक पदक विजेता ललित उपाध्याय को एमजी विंडसर की डिलीवरी देकर सम्मानित किया। यह आयोजन भारत के खिलाड़ियों और उनकी खेल उपलब्धियों को सम्मानित करने की कंपनी की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इससे पहले, पिछले साल नवंबर में चंडीगढ़ में एक भव्य कार्यक्रम के दौरान, सभी ओलंपिक पदक विजेता एथलीटों को अभूतपूर्व एमजी विंडसर ईवी प्रदान की गई थी। विंडसर, जो लगातार पांच महीनों से भारत की सबसे अधिक बिकने वाली ईवी रही है, ने भारत में ईवी सेगमेंट की समग्र वृद्धि में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। राकेश सेन, डायरेक्टर, सीईएम, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने कहा, "ललित और पूरी राष्ट्रीय हॉकी टीम ने ओलंपिक में हमारे देश को गौरवान्वित किया हैं। इस मौके पर ललित उपाध्याय ने कहा, "ओलंपिक जैसे वैश्विक मंच पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करना एक गर्व की बात है, और एमजी जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड द्वारा हमारी जीत को सराहा जाना इस सफर को और भी अधिक पुरस्कृत करता है। मुझे विश्वास है कि विंडसर सीयूवी जिसे आज मुझे प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है, हमेशा हमारी टीम की उपलब्धि के सम्मान और खेल में उत्कृष्टता व गतिशीलता में नवाचार के गहरे संबंध का प्रतीक बनी रहेगी।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के कार्यक्रम में मंत्री संजय प्रसाद यादव ने की अदाणी फाउंडेशन के कार्यों की सराहना

नई सोच एक्सप्रेस





**गोड्डा**। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गोड्डा नगर भवन में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (KGBV) द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड सरकार के उद्योग, श्रम एवं प्रशिक्षण मंत्री संजय प्रसाद यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ गोड्डा नगर परिषद की पूर्व चेयरमैन कल्पना देवी, उप विकास आयुक्त (डीडीसी) स्मिता टोप्पो और अदाणी फाउंडेशन के रीजनल हेड जयंत मोहंती भी मंच पर मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद जयंत मोहंती ने अपने स्वागत भाषण में केजीबीवी में अदाणी फाउंडेशन द्वारा किए गए विभिन्न जीर्णोद्धार कार्यों और शिक्षा के क्षेत्र में हुए सकारात्मक बदलावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन ने विद्यालयों की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के साथ-साथ शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए भी कई महत्वपूर्ण पहल की हैं। डीडीसी स्मिता टोप्पो ने अपने संबोधन में कहा, "महिलाओं के लिए हर दिन संघर्ष का दिन होता है। शिक्षा ही वह हथियार है, जिसके सहारे वे हर चुनौती को पार कर सकती हैं।" वहीं, कल्पना देवी ने भी बेटियों की शिक्षा को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि यह समाज की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। मुख्य अतिथि मंत्री संजय प्रसाद यादव ने अदाणी फाउंडेशन के सीएसआर कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में संस्था का योगदान सराहनीय है। उन्होंने केजीबीवी की छात्राओं के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि बेटियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार और समाज को मिलकर कार्य करना होगा। इस अवसर पर गोड्डा जिले के सभी नौ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की टॉपर्स को 10,000 के चेक देकर सम्मानित किया गया। साथ ही घोषणा की गई कि सभी नौ विद्यालय के टॉप पांच लड़कियों को 10 हजार की राशि पुरस्कार स्वरूप दिया जाएगा. इस कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य राघवेन्द्र सिंह, समाजसेवी तिलक झा, कौशल यादव, अदाणी पावर के पदाधिकारी सुब्रत देवनाथ, अभिमन्यु आनंद, अदाणी फाउंडेशन के पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह, अर्चना सिन्हा, सुमित सागर, अभय वर्मा, व सहयोगी प्रीति यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**अदाणी फाउंडेशन की पहल**

गोड्डा जिले के सभी नौ केजीबीवी —गोड्डा, सुंदरपहाड़ी, पथरगामा, महागामा, ठाकुरगंगटी, बसंतराय, पोड़ैयाहाट, बोआरीजोर, और मेहरमा—में अदाणी फाउंडेशन द्वारा निम्नलिखित कार्य किए गए:

विद्यालय भवनों का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण

स्मार्ट क्लास एवं आधुनिक शिक्षण सुविधाओं की स्थापना

RO वाटर कूलर की व्यवस्था

आधुनिक रसोईघर और भोजन सुविधा में सुधार

खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए खेलकिट और स्पोर्ट्स यूनिफॉर्म वितरण

परिसर में पाथवे, गेट, स्टेज एवं बाला पेंटिंग जैसी संरचनात्मक सुविधाओं का निर्माण

इन प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव छात्राओं की शिक्षा पर स्पष्ट रूप से दिखाई दिया है। वर्ष 2018 में KGBV की कक्षा 10वीं की परीक्षा सफलता दर 46.65% थी, जो 2023-24 में बढ़कर 99.14% हो गई।

**महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम**- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के इस अवसर पर, यह कार्यक्रम न केवल एक उत्सव था बल्कि महिला शिक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी था। शिक्षा ही वह आधारशिला है, जिससे महिलाएँ आत्मनिर्भर बन सकती हैं और समाज में अपनी पहचान बना सकती हैं।

हर खबर पर पैनी नजर
# नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



## नई शिक्षा नीति संबंधी विवाद

कुछ ही समय पहले कर्नाटक में एक पुस्तक मेले के दौरान तमिल किताबों की बिक्री को लेकर विरोध जताया गया था। उधर हाल ही में एक बस में कन्नड़ और मराठी बोलने को लेकर हिंसा तक हुई। इन सबके सबक क्या हैं? प्रादेशिक स्वायतत्ता की उपेक्षा संबंधी दक्षिणी राज्यों की कई शिकायतों में दम है, मगर जिस तरह तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन इससे जुड़े सवालों को लेकर माहौल गरमा रहे हैं, उससे उनके इरादे पर शक होना लाजिमी है। स्टालिन लोकसभा सीटों के संभावित परिसीमन से जुड़ी आशंकाओं, नई शिक्षा नीति संबंधी विवाद, और हिंदी थोपने की कथित शिकायत को रोजाना के स्तर पर उठा रहे हैं। इस क्रम में वे अपने राज्य के लोगों को तुरंत अधिक बच्चे पैदा करने की प्रतिगामी सलाह देने की हद तक चले गए हैं। जाहिरा तौर पर केंद्र की कई नीतियों से गहराई शिकायतों में स्टालिन ने अपनी पार्टी डीएमके के लिए अवसर देखा है। संकेत साफ हैं कि साल भर बाद होने वाले विधानसभा चुनाव में वे इन्हीं भावनात्मक मुद्दों को लेकर अभियान चलाएंगे। इस क्रम में खासकर भाषा विवाद में निहित खतरों की वे पूरी उपेक्षा कर रहे हैं। उनका अभियान हिंदी के खिलाफ है- जिसमें उन्होंने हिंदी बोलियों को खा गई जैसा तथ्यहीन दावा भी किया है। (ष्द्र ह्यह्लड्ड्यद्गह्व) बहरहाल, ऐसे मुद्दे कैसे हालात पैदा कर रहे हैं, इस पर भी उन्हें जरूर ध्यान देना चाहिए।कुछ ही समय पहले कर्नाटक में एक पुस्तक मेले के दौरान तमिल किताबों की बिक्री को लेकर विरोध जताया गया था। उधर हाल ही में एक बस में कन्नड़ और मराठी बोलने को लेकर हिंसा तक हुई। सबक क्या है? स्पष्टतः यही कि पहचान एवं भावनाओं की राजनीति ने देश के विभिन्न हिस्सों में ऐसे मसलों को लेकर भड़काऊ माहौल बना रखा है। इसकी बड़ी जिम्मेदारी राजनेताओं और राजनीतिक दलों पर जाती है, जिन्हें ऐसे मुद्दों में वोट पाने का आसान रास्ता दिखता है। चूंकि आर्थिक और विकास नीतियों के मामलों में तमाम दलों ने समान रास्ता चुना हुआ है, वैसे में अपनी अलग प्रासंगिकता दिखाने का उन्हें यही सरल उपाय नजर आता है। लेकिन जन हित और राष्ट्र के व्यापक हित के नजरिए से यह खतरनाक खेल है।

# आखिर कैसे रुकेगा निजी अस्पतालों में मरीजों का 'शोषण'



आरती कुमारी



चिकित्सा पेशा या स्वास्थ्य व्यवसाय कोई सामान्य पेशा नहीं है बल्कि यह व्यक्तिगत जीवन और जनस्वास्थ्य से जुड़ा एक अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है जिसमें थोड़ी-सी भी लापरवाही किसी के जीवन पर भारी पड़ सकती है। वहीं, अपना या अपने परिवार का इलाज करवाने के चक्कर में यदि कोई व्यक्ति या परिवारलुट – पिट जाए तो यह भी प्रशासनिक नजरिए से अनुचित है और ऐसे ही जरूरतमंद लोगों के पक्ष में सरकार और समाजसेवी संस्थाओं दोनों को अवश्य खड़ा होना चाहिए। यही वजह है कि जनस्वास्थ्य से जुड़े चिकित्सा पेशा या स्वास्थ्य व्यवसाय को सिर्फ कारोबारी लाभ के नजरिए से नहीं देखा जा सकता बल्कि यह एक सामाजिक और नैतिक उत्तरदायित्व से जुड़ा हुआ विषय (पेशा) है जिसे जनसेवा की भावना से किया जाए तो सरकार और संस्था दोनों को यश मिलेगा। भारतीय सभ्यता व संस्कृति तो शुरू से ही 'सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया' की पक्षधर रही है लेकिन देश में लागू नई आर्थिक नीतियों से उपजी नैतिक व कानूनी महामारी के दौर में जीवन का हर क्षेत्र प्रभावित हो रहा है।दुर्भाग्य है कि चिकित्सा पेशा भी इससे वंचित नहीं है। चर्चा है कि महज आर्थिक लाभ के उद्देश्य से चिकित्सक महंगी जांच और अनावश्यक दवाइयां लिख रहे हैं। जानलेवा ऑपरेशन करने और अंगों के कारोबार तक से बाज नहीं आ रहे हैं। प्रशासनिक भ्रष्टाचार और न्यायिक जटिलताओं से ऐसे बहुत कम मामले हैं जो कोर्ट की दहलीज तक पहुंच पाते हैं। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट द्वारा राज्य सरकारों से यह कहना कि वे प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों और उनके परिजनों के 'शोषण' को रोकने के लिए उचित नीतिगत फैसला लें, देर आयद दुरुस्त आयद जैसा है। जनहित के इस सवाल पर राज्य सरकारों को तुरंत एक्शन में आना चाहिए। दरअसल, एक जनहित याचिका में आरोप लगाया गया था कि प्राइवेट अस्पतालों और उनकी फार्मेसी में एमआरपी से ज्यादा कीमत वसूली जा रही है। लिहाजा, कोर्ट ने इन अस्पतालों पर खुद से प्रतिबंध लगाने से इनकार किया और कहा कि ये संविधान में राज्य सूची का विषय है, इसलिए राज्य सरकारें ही इस पर व्यापक दृष्टिकोण से विचार कर सकती है। वही उचित गाइडलाइंस बना सकती हैं। इसमें संतुलित दृष्टिकोण अपनाना होगा जिससे न तो मरीजों और उनके परिजनों का शोषण हो और न ही प्राइवेट अस्पतालों के कामकाज पर बेवजह प्रतिबंध लगे। बता दें कि यह जनहित याचिका सिद्धार्थ डालमिया (कानून के छात्र) ने दायर की है। इसमें कहा गया है कि 'उनकी मां को पिछले साल कैंसर हुआ था और वह अब ठीक हो चुकी है लेकिन उनके इलाज के दौरान प्राइवेट अस्पतालों में जबरन महंगी दवाएं खरीदनी पड़ीं। लिहाजा, इनकी गुहार है कि मरीजों और परिजनों को यह आजादी मिले कि वे अपनी पसंद की फार्मेसी से दवाएं, मेडिकल इक्विपमेंट आदि खरीद सकें। हालांकि, केंद्र ने कोर्ट में कहा है कि मरीजों पर विशेष फार्मेसी से दवाएं, मेडिकल इक्विपमेंट लेने की बाध्यता नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देना सरकार की जिम्मेदारी है। भले ही बढ़ती आबादी के कारण सरकार को प्राइवेट अस्पतालों की मदद लेनी पड़ी लेकिन इसमें मरीजों का शोषण नहीं होना चाहिए। हालांकि, निजी हॉस्पिटल्स में जिस तरह से कैशलेस इलाज का प्रचलन बढ़ा है, इस धंधे में बड़ी-बड़ी निजी कैशलेस चिकित्सा बीमा कम्पनियां सामने आयी हैं, उन्होंने अस्पतालों के पैनल जारी किए हैं, उससे एक संगठित लूट और इसी चक्कर में मानव स्वास्थ्य, जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ बढ़ा है। निजी अस्पतालों में तो चुपके चुपके नई नई दवाइयों का परीक्षण तक मानव शरीर पर हो जाता है और किसी को भनक तक नहीं लगती। कुछ निजी अस्पताल व उनके डॉक्टर तो रक्त और मानव अंगों के अवैध कारोबार तक में शामिल हैं। ऐसे आरोप अक्सर मीडिया में उछलते रहते हैं। वहीं, जब से केंद्र सरकार गरीबों को आयुष्मान भारत कार्ड बनाने लगी है और 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा देने लगी है, तब से नए नए घोटालों और अनैतिक करतबों की बाढ़ आ चुकी है। इन सबके दृष्टिगत सरकार भले ही एहतियाती कार्रवाई करती आई है, फिर भी निजी चिकित्सा सेवा प्रदाताओं में इन नियमों का खौफ नहीं है क्योंकि अक्सर चिकित्सक हड़ताल या दवा कारोबारी हड़ताल की धमकियां देकर हेल्थ सिंडिकेट से जुड़े लोग सरकार और प्रशासन को ब्लैकमेल कर लेते हैं लेकिन सवाल फिर वही कि मानव स्वास्थ्य से खिलवाड़ कब तक। मसलन, जिस तरह से सिजेरियन बेबी का प्रचलन समाज में बढ़ रहा है, उससे कामकाजी महिलाएं भी भरी जवानी में बर्बाद हो रही हैं। ऐसे ही कई अन्य अस्वास्थ्यकर प्रचलन समाज में बढ़े हैं किंतु हमारा स्वास्थ्य प्रशासन जनहित के दृष्टि से उतना संवेदनशील नहीं बना है जितना उसे होना चाहिए अन्यथा मिलावटी खाद्य पदार्थ, मिलावटी दवाइयों की बिक्री की बात सामने नहीं आती। याचिकाकर्ता ने भी दिलचस्प घपले की ओर इशारा किया है, लिहाजा कोर्ट का निर्देश समयोचित है। राज्य सरकारें जितनी जल्दी जग जाएं. केंद्र सरकार भी यथोचित जांच एजेंसी बनाए अन्यथा इस गोरखधंधे पर काबू पाना मुश्किल है। गंदा है पर धंधा है, वाला जुमला से चिकित्सा पेशा जितना दूर रहे, उतनी उसकी साख बची रहेगी।

## सूडोकु नवताल- 7364

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7363 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

# पूरी दुनिया में एक गंभीर स्वास्थ्य संकट कैंसर

नृपेन्द्र अभिषेक नृप

कैंसर आज भारत सहित पूरी दुनिया में एक गंभीर स्वास्थ्य संकट बन चुका है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा किए गए हालिया विश्लेषण में यह खुलासा हुआ है कि भारत में कैंसर से होने वाली मौतों की दर चिंताजनक रूप से बढ़ रही है, विशेष रूप से महिलाओं में यह दर पुरुषों की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ी है। ग्लोबोकैन 2022 के आंकड़ों के अनुसार, महिलाओं में कैंसर से मृत्यु दर में 1.2 फीसद से 4.4 फीसद तक वार्षिक वृद्धि हुई है, जबकि पुरु षों में यह वृद्धि 1.2 फीसद से 2.4 फीसद तक रही है। ये आंकड़े न केवल एक स्वास्थ्य आपातकाल की ओर संकेत कर रहे हैं, बल्कि सामाजिक और चिकित्सा व्यवस्था की कमियों को भी उजागर करते हैं। महिलाओं में कैंसर से बढ़ती मृत्यु दर एक जटिल समस्या है, जो केवल जैविक या चिकित्सीय कारणों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें सामाजिक, आर्थिक, जागरूकता और स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच की भी बड़ी भूमिका है। भारत में हर पांच में से तीन लोग कैंसर के निदान के बाद अपनी जान गंवा देते हैं। यह आंकड़ा इस बात की पुष्टि करता है कि कैंसर न केवल एक गंभीर रोग है, बल्कि भारत में इसका उपचार भी उतना प्रभावी नहीं हो पा रहा है। खासकर महिलाओं में यह स्थिति अधिक गंभीर होती जा रही है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में महिलाएं अक्सर अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता नहीं देतीं। परिवार की जिम्मेदारियां, सामाजिक दबाव, और आर्थिक निर्भरता उन्हें समय पर जांच और इलाज कराने से रोकते हैं। कई बार कैंसर के शुरु आती लक्षणों को नजरअंदाज कर दिया जाता है, जिससे बीमारी तब पकड़ी जाती है जब यह अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी होती है। महिलाओं में कैंसर की बढ़ती दर के पीछे कई महत्त्वपूर्ण कारण हैं। सबसे पहले, जागरूकता की भारी कमी एक प्रमुख कारण है। स्तन कैंसर और गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर जो भारत में महिलाओं में सबसे आम हैं, यदि प्रारंभिक अवस्था में पकड़ लिए जाएं, तो इनका इलाज संभव है, लेकिन दुर्भाग्यवश महिलाओं में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की आदत नहीं होती। आधुनिक जीवनशैली में शारीरिक गतिविधियों की कमी, असंतुलित आहार, धूम्रपान, शराब का सेवन, और अत्यधिक तनाव महिलाओं के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं। पहले के समय में महिलाएं अधिक शारीरिक श्रम करती थीं और उनका खान-पान भी पारंपरिक और पोषक तत्वों से भरपूर होता था, लेकिन आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में यह सब धीरे-धीरे गायब होता जा रहा है। पैक्ड और प्रोसेस्ड फूड का बढ़ता सेवन, व्यायाम की कमी, और मानसिक तनाव ने महिलाओं में कैंसर के खतरे को कई गुना बढ़ा दिया है। एक और महत्त्वपूर्ण पहलू यह है कि महिलाओं में कैंसर के कई मामले अनुवांशिक और हार्मोनल असंतुलन से भी जुड़े होते हैं। स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर और अंडाशय (ओवेरियन) कैंसर मुख्य रूप से हार्मोनल परिवर्तन और अनुवांशिक प्रवृत्तियों के कारण होते हैं। महिलाओं में सबसे अधिक पाए जाने वाले कैंसर में स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, अंडाशय (ओवेरियन) कैंसर और कोलोरेक्टल कैंसर शामिल हैं। ये पांच कैंसर भारत में महिलाओं की कैंसर मृत्यु दर का 44 फीसद हिस्सा बनाते हैं। स्तन कैंसर सबसे आम है और इसकी मृत्यु दर भी अधिक है, क्योंकि यह देर से पहचाना जाता है। इस गंभीर समस्या का समाधान केवल चिकित्सा उपचार तक सीमित नहीं हो सकता। इसके लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है, जिससे महिलाओं को समय पर जांच और इलाज कराने के लिए प्रेरित किया जा सके। महिलाओं को स्वयं अपनी सेहत को प्राथमिकता देने की मानसिकता विकसित करनी होगी। साथ ही, सरकार को भी इस दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बढ़ाने के लिए मोबाइल हेल्थ वैन, निःशुल्क कैंसर जांच शिविर, और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता है। भारत में कैंसर की रोकथाम और इलाज को प्रभावी बनाने के लिए सरकार को स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करना होगा। सरकारी अस्पतालों में अत्याधुनिक जांच और उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाएं भी समय पर इलाज करा सकें। इसके अलावा, एचपीवी वैक्सीन को राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए, ताकि गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर को जड़ से खत्म किया जा सके। महिलाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना भी आवश्यक है। यह केवल एक चिकित्सा समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक मुद्दा भी है। इस चुनौती से निपटने के लिए सरकार, स्वास्थ्य संगठनों, समाज और स्वयं महिलाओं को मिलकर प्रयास करने होंगे।




**मेष राशि–** आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपका सोचा हुआ काम, आज पूरा हो जाएगा। बिजनेस साझेदार के साथ मिलकर किए गए कामों से आपको लाभ मिलेगा। साथ ही खुले मन से काम करने पर अच्छे लोग आपसे जुड़ने की कोशिश करेंगे। इस राशि के प्रॉपर्टी डीलर के लिये आज का दिन बेहतर रहेगा। समाज में आज आपको मान-सम्मान मिलेगा, आपको लोग अच्छे उदाहरण के तौर पर देखेंगे।

**वृष राशि–** आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। मेहनत का परिणाम आपके फेवर में होगा, आपको मन मुताबिक परिणाम मिलेगा। आज खुद पर ध्यान देंगे। आज आपके विरोधी आपके सामने नतमस्तक होंगे, दोस्ती का हाथ बढ़ाएंगे। किसी काम में अपनों की मदद मिलने से आपका उत्साह बढ़ेगा। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं, आपके रिश्ते में मजबूती आएगी।

**मिथुन राशि–** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आपके परिवार में नई-नई खुशियां आएंगी। संतान की सफलता आपको प्रसन्न करेगी, आपके घर लोग बधाई देने आयेंगे। घर पर पार्टी का आयोजन करेंगे। नए काम करने की सोच से आपको धन लाभ के अच्छे अवसर मिलेंगे। लोग आपकी योजना पर काम करने के लिए आपसे सलाह लेंगे, आप लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे।

**कर्क राशि–** आज का दिन जीवन में एक नई दिशा लेकर आयेगा। आज आप किसी बात को लेकर नेतृत्व करेंगे, जिसमें अन्य लोगों का सहयोग मिलेगा। साथ ही किसी जरूरी विषय पर बातचीत भी होगी, अपनी बात कहने का मौका मिलेगा, आपके विचारों को महत्व मिलेगा। आज आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा जो आगे चलकर काम आएगा।

**सिंह राशि–** आज आपके दिन की शुरुआत आपके अनुकूल होने वाली है। आज आप वर्किंग प्लेस पर खूब मेहनत करेंगे। अपनी उपलब्धियों पर गर्व महसूस होगा। प्रशासनिक कर्मचारियों के लिए आज का दिन अच्छा है।आज आपको कई जिम्मेदारियां मिलेंगी, जिन्हें आप अच्छी तरह से निभायेंगे। इस राशि के मनोरंजन उद्योग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन फायदेमंद होगा, आपकी क्रिएटिव फील्ड मजबूत होगी।

**कन्या राशि–** आज आपका दिन बहुत बढ़िया रहने वाला हैं। आपको किसी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब का ऑफर आ सकता है, जिससे आप कॉन्फिडेंस फील करेंगे। किसी जरूरी काम पर आज विचार करने का पूरा मौका मिलेगा। समय का पूरा सदुपयोग करें। आज आप रचनात्मक कार्य कर सकते हैं। लवमेट अपने रिश्ते की बात घर पर करेंगे, घरवाले आपके रिश्ते से सहमत होंगे।

**तुला राशि–** आज का दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज किसी धार्मिक स्थल पर जाएंगे, जहां आप कुछ जरूरतमंद की मदद भी करेंगे। हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश करेंगे, जिससे आपको सफलता मिलेगी। आज किसी से मदद मांगने में संकोच न करें, सब आपके फेवर में है। आप किसी योजना की शुरुआत कर सकते हैं।

**वृश्चिक राशि–** आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी होने वाली है। आज अधिकारी वर्ग का सहयोग पाने में आसानी होगी, बिगड़ते काम बनेंगे। बच्चों के प्रति आपका प्रेम। आपको उनका प्रिय बना देगा। आज आप अपनी गलतियों से कुछ सीखेंगे। अगर आप बिजनेस स्टार्ट कर रहे हैं, तो शुभ मुहूर्त में ही शुरू करें। आज आप कुछ क्रिएटिव वर्क कर सकते हैं, लोगों को आपके काम करने का तरीका पसंद आएगा।

**धनु राशि–** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। किसी दोस्त से मिलने उसके घर जाएंगे, पुरानी यादें ताज़ा होगी। आज यात्रा करने से बचने की कोशिश करें। बच्चों के साथ थोड़ा टाइम स्पेंड कर सकते हैं। प्राइवेट शिक्षक आज बच्चों को पढ़ाई के नए तरीके सिखायेंगे, छात्रों की पढ़ाई में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के साथ चल रही अनबन सुलझाने के लिए दिन अच्छा हैं।

**मकर राशि–** आज आप अपने दिन की शुरुआत शांत मन से करेंगे। पुराने लेन-देन के मामलों में आज सोच विचार करेंगे। अपने खास रिश्तेदार के घर जाएंगे जहां खुशी का माहौल बना रहेगा। आपको सरकारी क्षेत्र से लाभ होने की संभावना हैं। किसी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब के लिए कॉल आयेगी।

**कुंभ राशि–** आज आपके दिन की शुरुआत अच्छे मूड के साथ होने वाली है। आज पैसों के मामले में उन्नति के नए रास्ते खुलेंगे, आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। आज आप उन चीजों को ज्यादा महत्व दे जो आपके लिए ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। साथ ही आपको अपने काम, परिवार, और दोस्तों के बीच संतुलन बना कर रखना चाहिए। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर है।

**मीन राशि–** आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। इस राशि के जो लोग बेकरी के बिजनेस से जुड़े हैं, उन्हें आज उम्मीद से ज्यादा लाभ होगा, जिससे आर्थिक स्थिति बेहतर बनी रहेगी। कला व साहित्य से जुड़े लोगों के लिए भी आज का दिन बढ़िया रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स अपने करियर को लेकर अपने गुरु से परामर्श लेंगे। माताएं अपने बच्चों को कुछ नया सिखाएंगी, जिससे बच्चों में नए विचार आएंगे।

# बने सनातन धर्म के स्टार प्रचारक , भड़के आरजेडी के नेता

(बाबा बागेश्वर धीरेंद्र शास्त्री बिहार के 5 दिवसीय दौरे पर)

अशोक भाटिया

धर्म गुरु केवल धार्मिक मुद्दों तक नहीं बल्कि अब राजनीति में भी अहम भूमिका निभाने लगे हैं। लाखों की संख्या में अनुयायी हैं। इसका फायदा कुछ राजनीतिक पार्टियों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से मिल जाता है। इसी कड़ी में बाबा बागेश्वर सियासत के बीच में हैं। बिहार में कथा करने आए बाबा बागेश्वर कब राजनीति का हिस्सा बन गए, पता ही नहीं चले। बाबा बागेश्वर ने भरे मंच से हिंदू राष्ट्र बनाने और हिदुत्व पर जोर देने की बात कही। इससे आरजेडी के नेता भड़क गए। बिहार में कथा के दौरान बाबा बागेश्वर और आरजेडी के नेता चंद्रशेखर में बात बहस भी हो गई। चंद्रशेखर ने बाबा पर आरोप लगाया कि संविधान विरोधी बयान दिया है। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि किसी भी देश से मुसलमानों को निकाला जाएगा तो इस दुनिया में 65 मुसलमान देश हैं, जो उनका स्वागत कर लेंगे। लेकिन फिजी, सूरीनाम, पाकिस्तान, भारत, नेपाल और मॉरीशस से अगर हिंदुओं को निकाल दिया जाएगा तो फिर हिंदू कहां जाएगा? उन्होंने आगे यह स्पष्ट किया कि किसी पार्टी के प्रचारक नहीं है हिदुत्व के प्रचारक हैं। जब तक सांसें हैं तब तक हिंदुओं के लिए लड़ेंगे और मरेंगे। उन्होंने आरएसएस के सिद्धांत पर कहा कि हमें बटना नहीं है। यदि हम बटेंगे तो कटेंगे। उन्होंने कहा कि मैं हिन्दुओं को एक करूंगा। धीरेंद्र शास्त्री के इस बयान से लोग उनको भाजपा और आरएसएस का प्रचारक बता रहे हैं। वहीं, बाबा बागेश्वर ने बिहार आने को लेकर कह दिया कि जो मुझे जितना रोकेगा मैं उतना ही आऊंगा। यदि कोई आने से मना करेगा तो मैं यहीं घर बना लूंगा। यह गौर करने वाली बात है कि बाबा बागेश्वर गोपालगंज के दौरे पर हैं जो परंपरागत रूप से लालू प्रसाद यादव का गढ़ कहा जाता रहा है। हालांकि, बीते चुनावों में इन क्षेत्रों में बीजेपी और जदयू का दबदबा रहा है, लेकिन अभी भी गढ़ इसको राजद का ही कहा जाता है। वह वहां हिंदुत्व का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। हनुमंत कथा और दिव्य दरबार का आयोजन कर रहे हैं। उनको सुनने के लिए लाखों की संख्या में भीड़ जुट रही है और वह 'बिहार में बहार' आने तक की बात भी अपनी सभा में कह रहे हैं। निश्चित तौर पर 'बिहार में बहार' आने की उनकी बात कहीं ना कहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के उस नारे से जोड़कर देखा जा रहा है जब 2015 में बिहार में बहार है, नीतीशे कुमार है... से एक बार फिर जुड़ता है। गोपालगंज में हिंदू राष्ट्र की हुंकार भरते हुए बाबा बागेश्वर आचार्य धीरेंद्र शास्त्री के कुछ बयानों पर गौर करें तो आप पाएंगे कि उनका क्या ध्येय है और उनकी बातों के क्या अर्थ हैं। उन्होंने कहा- देश रघुवर का है बाबर का नहीं... भारत को हिंदू राष्ट्र बनाएंगे... हिंदुओं को एक करेंगे... हिंदुओं को घटने नहीं देंगे।। संकट पर हिंदू कहां जाएंगे... हिंदू राष्ट्र की आवाज बिहार से।बाबा बागेश्वर के बयानों को राजनीति के जानकार अपने नजरिये से पढ़ते हैं। वरिष्ठ पत्रकार अशोक कुमार शर्मा कहते हैं कि महाकुंभ आयोजन में सनातन एकता की बात को खूब उद्धृत किया गया। इसी को आगे बढ़ाते हुए आचार्य धीरेंद्र शास्त्री का पड़ाव बहार बना है। जाहिर तौर पर जातियों में बुरी तरह विभक्त बिहार के समाज को एकजुट करने में अगर थोड़ी भी सफलता बाबा बागेश्वर को मिलेगी तो यह बीजेपी की राजनीति को ही फायदा पहुंचाएगी। यह संयोग ही है कि जब बाबा बागेश्वर का दौरा बिहार में चल रहा है उसी समय श्री श्री रविशंकर जी व संघ प्रमुख मोहन भागवत भी बिहार के दौरे पर है । श्री श्री रविशंकर सत्संग और अध्यात्म की अलख जगा रहे हैं। पटना के गांधी मैदान में शुक्रवार (7 मार्च) से आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर का भव्य सत्संग शुरू हुआ है। इस दो दिवसीय सत्संग में ध्यान, योग और जीवन जीने की कला पर विशेष प्रवचन मुख्य आयोजन है। इसके साथ ही गुरु रविशंकर 1000 साल पुराने पवित्र शिवलिंग के साथ बिहार पहुंचे हैं। जिसे श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए स्थापित किया जा रहा है। खास बत यह है कि यह शिवलिंग वही है जिसे महमूद गजनवी ने 1026 ईस्वी में खंडित किया था। इसके आगे बड़ी बात यह कि पटना पहुंचने के बाद गुरुवार देर शाम श्री श्री रविशंकर ने बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी से मुलाकात की। जाहिर है इसे सियासत से भी जोड़ा जा रहा है। वरिष्ठ पत्रकार रवि उपाध्याय कहते हैं कि महमूद गजनवी का नाम आगे आना प्रदेश की राजनीति के ध्रुवीकरण की कवायद हो सकती है और इसका फायदा भी भाजपा और एनडीए की राजनीति को ही होगा। वहीं, संघ प्रमुख मोहन भागवत मुजफ्फरपुर को बेस बनाकर पांच दिनों के बिहार दौरे पर हैं और विभिन्न जिलों में संघ के कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। सरसंघ चालक मोहन भागवत मुजफ्फरपुर प्रवास के दौरान 7 मार्च की सुबह-सुबह आरडीएस कॉलेज मैदान में शाखा लगाया।शाखा में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की मौजूदगी में व्यायाम और प्रैक्टिस लोग कर रहे हैं। वह आरएसएस कार्यालय में तमाम आरएसएस के सदस्यों के साथ बैठक करेंगे। फिर 8 मार्च को भी मोहन भागवत शाखा में शामिल होने के बाद बैठक करेंगे और फिर 9 मार्च को नागपुर के लिए रवाना हो जाएंगे। राजनीति के जानकार कह रहे हैं कि सर संघ चालक मोहन भागवत बीजेपी के वोट बेस को मजबूत बनाने की कवयद में लगे हुए हैं। इससे पहले हिंदुत्व की हुंकार बीजेपी और के लिए सियासी जमीन सांगठनिक दृष्टि से मजबूत की जा रही है। हिंदुत्व के प्रतीक दिग्गज धर्मगुरुओं के एक साथ बिहार में जुटान से विपक्ष परेशान हैं। हालांकि, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव बड़ी होशियारी से खुद इस मुद्दे को तूल नहीं देना चाहते हैं और बड़े ही फूंक-फंककर कदम उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह देश बाबा साहब के अंबेडकर के संविधान से चल रहा है और यहां किसी को भी कहीं आने-जाने की आजादी है। इससे हमें कोई मतलब नहीं।लेकिन, दूसरी ओर राजद के विधायक मुकेश रौशन ने बाबा बागेश्वर की गिरफ्तारी की मांग कर दी। वहीं भाई वीरेंद्र ने भी इसे भाजपा की साजिश बताया। जबकि राजद के कई अन्य विधायक और नेता हिंदुत्व के इन प्रतीकों के दौरों को टारगेट पर ले रहे हैं। जबकि, दूसरी ओर बिहार में हिंदुत्व के प्रतीकों के जुटान से बीजेपी और एनडीए खेमा गदगद है। बीजेपी के नेता और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तारकेश्वर प्रसाद ने कहा, भारतीय जनता पार्टी और एनडीए की ताकत के बारे में उन्हें (विपक्ष) गलतफहमी है। भाजपा आज आम लोगों के कारण बिहार ही नहीं पूरे देश में अपनी राजनीतिक ताकत रखती है। बाबा बागेश्वर जिन मूल्यों को रखकर समाज में आ रहे हैं, सनातन धर्म का प्रचार कर रहे हैं और जिस प्रकार की चीजों को आम लोगों तक पहुंचा रहे हैं वह देश हित और समाज हित में है। वहीं, बीजेप के विधायक हरिभूषण सिंह ठाकुर बचौल ने तो खुलकर बाबा बागेश्वर समेत धर्मगुरुओं के बिहार दौरे का समर्थन किया है। जाहिर है बिहार की राजनीति में हिंदुत्व का मुद्दा गरमा गया है और जेडीयू के रुख में भी बदलाव दिख रहा है। दरअसल, नीतीश कुमार पर 2023 में हिंदू त्योहारों की छुट्टियां कम करने का आरोप लगा था, लेकिन अब जेडीयू नेता ने कहा है कि हिंदू एकजुट हैं।बीजेपी विधायक हरिभूषण बचौल ने आरजेडी पर तुष्टिकरण का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आरजेडी मुस्लिम वोट के लिए कुछ भी कर सकती है। उन्होंने हिंदू राष्ट्र की मांग का समर्थन किया। बीजेपी के वरिष्ठ नेता मनोज तिवारी ने कहा कि बाबा बागेश्वर सनातन धर्म का प्रचार करते हैं। अगर किसी को लगता है कि वो बीजेपी का प्रचार कर रहे हैं, तो उनकी बुद्धि पर क्या कहा जा सकता है। इस घटना ने बिहार की राजनीति में एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। एक तरफ आरजेडी है, जो धीरेंद्र शास्त्री पर वोट बैंक की राजनीति का आरोप लगा रही है। दूसरी तरफ बीजेपी है, जो आरजेडी पर तुष्टिकरण का आरोप लगा रही है। दरअसल, सियासत में टाइमिंग का बड़ा महत्व होता है और इस बार भी टाइमिंग को लेकर ही जो सवाल उठाए जा रहे हैं। यह बेहद महत्वपूर्ण है कि बिहार में इसी साल विधानसभा का चुनाव होना है और इसको लेकर सियासी सरगर्मी बढ़ी हुई है। इसी बीच सनातन धर्म के प्रतीक कहे जाने वाले त्रिमूर्ति (बाबा बगेश्वर आचार्य धीरेंद्र शास्त्री, श्री श्री पंडित रविशंकर और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ) का आगमन बिहार में हुआ है। इसके बाद से सनातन की चर्चा पूरे राज्य में जोरों पर होने लगी है। इन त्रिमूर्ति की जिस तरह की बातें सामने आ रही हैं इससे विपक्ष तो परेशान दिखेगा ही।खास बात हिंदुओं को एकजुट करने की बातें करते हैं और यही त्रिमूर्ति हर जगह यही संदेश भी दे रहे हैं। बिहार में जाति की राजनीति होती रही है है ऐसे में विपक्ष को लगता है कि हिंदुओं के नाम पर अगर जातियां एकजुट हो जाती हैं तो फिर विपक्ष को नुकसान होगा और एनडीए को उसका फायदा पहुंचेगा।

## कैसे माही की एक सलाह ने मुझे आत्मविश्वास दिलाया: राहुल त्रिपाठी




**नई दिल्ली**। भारतीय क्रिकेटर राहुल त्रिपाठी ने बताया कि कैसे पूर्व कप्तान एमएस धोनी की सलाह ने उन्हें 2017 में आईपीएल में पदार्पण के दौरान मदद की। फ्रैंचाइजी के लिए अपने पहले मैच से पहले माही ने त्रिपाठी को शांत करने में मदद की। उन्होंने कहा, अपना पहला मैच खेलने से दो दिन पहले, मैं ड्रेसिंग रूम में उन्हें देख रहा था। उन्होंने मुझे बुलाकर कहा कि मैं कुछ भी अतिरिक्त करने या सोचने की कोशिश न करूं और मुझे प्रशिक्षण के दौरान जिस तरह से खेल रहा था, उसी तरह खेलने के लिए माही ने कहा। यह देखते हुए कि यह सलाह उस कद के क्रिकेटर से आई थी और यह तथ्य कि मैं अपना पहला मैच खेलने जा रहा था, इससे मुझे बहुत आत्मविश्वास मिला। माही की इस सलाह ने वास्तव में मेरी घबराहट को शांत किया। उन्होंने कहा, मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे उनके साथ समय बिताने का मौका मिला। क्रिकेट जगत में कई लोगों का सपना होता है कि वे उनके साथ क्रिकेट के अनुभव साझा करें और उनके साथ खेलें। उनके साथ रहकर मैंने देखा है कि वे कितने सरल हैं। लंबे इंतजार के बाद राहुल ने आखिरकार 31 साल की उम्र में जनवरी 2023 में श्रीलंका के खिलाफ टी201 सीरीज के दौरान भारत के लिए अपना अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया। राहुल ने कहा, मैंने कभी हार नहीं मानी। कई बार यह कठिन था और ऐसा लगा कि भारत का प्रतिनिधित्व करने का सपना सपना ही रह जाएगा है। लेकिन मैंने कोशिश करते रहने का फैसला किया और हमेशा विश्वास किया कि एक दिन मुझे वह मौका मिलेगा जिसका मैं इंतजार कर रहा था। और मुझे लगता है कि यह विश्वास ही एक कारण था कि मुझे आखिरकार मौका मिला। यह बहुत ही भावुक क्षण था। टीम के साथ 6-7 घंटे की यात्रा करने के बाद मैं आखिरकार अपना टी20आई डेब्यू करने में सक्षम हो गया। संयोग से, मैंने अपना डेब्यू पुणे में अपने घरेलू मैदान पर किया, जहां मैं बचपन से क्रिकेट खेल रहा हूं। इसलिए मुझे लगता है कि यह सब लिखा हुआ था। राहुल ने अपनी सफलता का श्रेय पूर्व भारतीय क्रिकेटर और भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच अभिषेक नायर को दिया। कोलकाता नाइट राइडर्स कैंप में नायर के साथ काम करने के अनुभव पर त्रिपाठी ने कहा, मुझे लगता है कि नायर ने मेरी यात्रा में सबसे बड़ा और सबसे महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मैं उन्हें अपना बड़ा भाई मानता हूं। उनसे मिलना मेरे जीवन का बदलाव था।

## आईपीएल ट्रॉफी के बिना अधूरा रहेगा विराट कोहली का करियर : एबी डिविलियर्स



**नई दिल्ली**। भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली का शानदार करियर तब और खास हो जाएगा जब वह आरसीबी को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का खिताब जिताएंगे। यह मानना है दक्षिण अफ्रीका और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स का। विराट कोहली 2008 में आईपीएल की शुरुआत से ही आरसीबी से जुड़े हुए हैं और उन्होंने 140 मैचों में टीम की कप्तानी भी की है। हालांकि, अब तक वह एक भी आईपीएल ट्रॉफी नहीं जीत पाए हैं, जिससे उनकी उपलब्धियों की सूची में यह एक अधूरा सपना बना हुआ है। विराट कोहली आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 252 मैचों में 38.67 की औसत से 8,004 रन बनाए हैं, जिसमें 8 शतक और 55 अर्धशतक शामिल हैं। वह इस टूर्नामेंट में 6,769 रनों के साथ दूसरे स्थान पर मौजूद शिखर धवन से काफी आगे हैं। बावजूद इसके, आरसीबी 17 सीजन में एक भी बार चैंपियन नहीं बन सकी है। टीम 2009, 2011 और 2016 में तीन बार फाइनल में पहुंची थी, लेकिन हर बार उसे हार का सामना करना पड़ा। आईपीएल 2025 की शुरुआत से पहले, डिविलियर्स ने उम्मीद जताई है कि इस बार विराट अपनी टीम के लिए खिताब जीत सकते हैं। उन्होंने एक इवेंट में कहा, "विराट के खेल में नयापन और निडरता साफ दिखती है। वह अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलकर नए शॉट्स आजमा रहे हैं और अपनी बल्लेबाजी को लगातार बेहतर कर रहे हैं। आरसीबी के साथ आईपीएल जीतना उनके पहले से ही शानदार करियर के लिए परफेक्ट फिनिशिंग टच होगा।" डिविलियर्स ने पिछले सीजन में कोहली के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि उनका स्ट्राइक रेट कोई समस्या नहीं थी, बल्कि उन्होंने वही भूमिका निभाई जो टीम को उनसे चाहिए थी। उन्होंने कोहली की तुलना दिल्ली कैपिटल्स के फ्रेजर मैकगर्क से करते हुए कहा कि विराट को पारी को संभालने की जिम्मेदारी दी गई थी और उन्होंने इसे बखूबी निभाया। आरसीबी आईपीएल 2025 में अपने अभियान की शुरुआत 22 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ करेगी।

## टिम साउदी ने किया शमी का समर्थन, कहा गेंद पर लार के प्रतिबंध को हटाया जाएं



**नई दिल्ली**। न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज टिम साउदी ने भारतीय गेंदबाज मोहम्मद शमी के उस आह्वान का समर्थन किया है, जिसमें उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंद पर लार के इस्तेमाल पर लगे प्रतिबंध को हटाने की मांग की थी। साउदी का मानना है कि इससे गेंदबाजों को रिवर्स स्विंग हासिल करने में मदद मिलेगी और खेल अधिक रोमांचक बन जाएगा। गौरतलब है कि आईसीसी ने कोविड-19 महामारी के दौरान मई 2020 में अस्थायी रूप से गेंद पर लार के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया था, जिसे सितंबर 2022 में स्थायी कर दिया गया। हाल ही में चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की जीत के बाद शमी ने इस प्रतिबंध को हटाने की मांग की थी। शमी ने कहा था, हम रिवर्स स्विंग हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन लार के उपयोग की अनुमति नहीं है। हम लगातार अपील कर रहे हैं कि गेंदबाजों को इसका उपयोग करने की इजाजत दी जाए, ताकि खेल में संतुलन बना रहे। अब शमी के इस बयान का समर्थन करते हुए टिम साउदी ने आईसीसी से गेंदबाजों को कुछ फायदा देने की अपील की। एक कार्यक्रम के दौरान साउदी ने कहा, यह नियम कोविड के कारण लाया गया था, लेकिन अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं। एक गेंदबाज के तौर पर आप चाहते हैं कि आपको भी कुछ लाभ मिले। वर्तमान में टीमें 300 से अधिक रन आसानी से बना रही हैं, इसलिए गेंदबाजों को भी कुछ मदद मिलनी चाहिए। यदि लार की मदद से ऐसा संभव है, तो मुझे नहीं लगता कि इसे वापस लाने में कोई जोखिम है। ब्लैक कैप्स के इस अनुभवी तेज गेंदबाज ने यह भी बताया कि सफेद गेंद की तुलना में लाल गेंद वाले क्रिकेट में लार का उपयोग अधिक प्रभावी होता है। उन्होंने कहा, सफेद गेंद से स्विंग केवल शुरुआती ओवरों तक ही सीमित रहती है, लेकिन लाल गेंद के साथ यह लंबे समय तक प्रभावी रह सकती है। इसके अलावा, दुनिया के कुछ हिस्सों में पसीना पर्याप्त नहीं निकलता, जबकि लार का उपयोग हर परिस्थिति में संभव है। साउदी की इस टिप्पणी के बाद क्रिकेट जगत में एक नई बहस छिड़ गई है। कई पूर्व और वर्तमान गेंदबाज भी इस मुद्दे पर अपनी राय रख सकते हैं। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि आईसीसी इस मांग पर क्या निर्णय लेती है।

## चोटिल ब्रायडन की जगह वियान मुल्डर सनराइजर्स में शामिल



**मुंबई**। चोट के कारण इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज वियान मुल्डर को अपनी टीम में शामिल किया है। मुल्डर 75 लाख रुपये में एसआरएच से जुड़ेंगे। 27 वर्षीय मुल्डर ने अब तक 18 टेस्ट, 25 वनडे और 11 टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 60 विकेट लेने के अलावा 970 रन भी बनाए हैं। वे दक्षिण अफ्रीका की चैंपियंस ट्रॉफी टीम का भी हिस्सा थे, जो सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से हार गई थी। इस टूर्नामेंट में उन्होंने तीन मैचों में 6 विकेट लिए थे, जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ 25 रन देकर 3 विकेट लेने का प्रदर्शन शामिल था। ब्रायडन कार्स को सनराइजर्स ने 1 करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन भारत के खिलाफ व्हाइट-बॉल सीरीज के दौरान उनके बाएं पैर की अंगुली में पुरानी चोट फिर से उभर आई। हालांकि, वह ठीक हो गए थे, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में खेलते समय उनकी चोट और गंभीर हो गई। इस मैच में उन्होंने 7 ओवर में 69 रन लुटाए, जिसके बाद वह पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए। सनराइजर्स हैदराबाद आईपीएल 2024 की उपविजेता रही थी, जहां फाइनल में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से हार गई थी। टीम की कप्तानी पैट कमिंस कर रहे हैं, जो हाल ही में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की 3-1 से जीत के दौरान चोटिल हो गए थे। कमिंस आईपीएल 2025 के लिए पूरी तरह से फिट हैं और 22 मार्च को ईडन गार्डन्स में केकेआर और आरसीबी के बीच होने वाले मुकाबले से लीग में वापसी करेंगे।

## इंग्लैंड के नए वनडे कप्तान बन सकते हैं बेन स्टोक्स



**लंदन**। जोस बटलर के इस्तीफे के बाद इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स सीमित ओवरों के क्रिकेट में टीम की कमान संभाल सकते हैं। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के निदेशक रॉब की ने कहा हैं कि स्टोक्स के नाम पर विचार न करना बड़ी भूल होगी। टेस्ट क्रिकेट में अपनी रणनीतिक कुशलता साबित कर चुके स्टोक्स को अब वनडे टीम का नेतृत्व करने का मौका मिल सकता है। इंग्लैंड के लिए चैंपियंस ट्रॉफी 2025 बेहद निराशाजनक रहा, जहां टीम एक भी मैच नहीं जीत पाई। इस खराब प्रदर्शन के चलते बटलर ने टूर्नामेंट के बीच में ही कप्तानी छोड़ने का फैसला किया। इससे पहले भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में भी इंग्लैंड को हार का सामना करना पड़ा था। बेन स्टोक्स हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेल पाए थे और 2023 विश्व कप के बाद से वनडे क्रिकेट से दूर हैं। हालांकि, उन्होंने पहले भी संन्यास के अपने फैसले को पलटते हुए वनडे में वापसी की थी। ईसीबी के निदेशक की ने स्टोक्स की कप्तानी की तारीफ करते हुए कहा कि वह टेस्ट क्रिकेट में खुद को शानदार रणनीतिकार साबित कर चुके हैं और टीम के खिलाड़ियों से बेहतरीन प्रदर्शन कराने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने कहा, स्टोक्स ऐसा खिलाड़ी है जो दबाव के हालात में टीम की ढाल बनता है और अपने साथियों को आत्मविश्वास देता है। स्टोक्स इस समय अबूधाबी में इंग्लैंड लायंस अभ्यास समूह के साथ हैं और जून-अगस्त में भारत के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज से पहले फिट हो जाएंगे। की का मानना है कि स्टोक्स के नेतृत्व में इंग्लैंड की वनडे टीम में नई ऊर्जा आ सकती है, जैसा कि उन्होंने टेस्ट टीम के साथ किया। उनका इंग्लैंड के टेस्ट कोच ब्रेंडन मैकुलम के साथ भी अच्छा तालमेल है, जिससे उनकी दावेदारी और मजबूत हो जाती है। हालांकि, इंग्लैंड की सीमित ओवरों की टीम के हालिया प्रदर्शन को देखते हुए कोचिंग स्टाफ पर भी सवाल उठ रहे हैं। मैकुलम की देखरेख में इंग्लैंड ने अब तक 11 में से 10 वनडे मैच गंवाए हैं, जबकि 2022 से अब तक इंग्लैंड ने 35 में से 32 टेस्ट मैच जीते हैं। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि ईसीबी वनडे टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी स्टोक्स को सौंपता है या किसी और खिलाड़ी को यह मौका मिलता है।

# व्यापार

## बीते सप्ताह शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव भरा कारोबार रहा

- सेंसेक्स 7.51 अंकों की गिरावट के साथ 74,332.58 पर बंद
- निफ्टी 7.80 मामूली बढ़त के साथ 22,552.50 स्तर पर बंद




**मुंबई**। वैश्विक बाजारों से मिलेजुले संकेतों के बीच बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव भरा कारोबार देखा गया। बीते सप्ताह शेयर बाजार में तेजी तो कभी गिरावट पर कारोबार होता रहा। बीते पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो शेयर बाजार हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को हरे निशान पर खुला। हालांकि, जल्द ही बाजार लाल निशान पर भी आ गया। बीते हफ्ते गिरावट के सुनामी में फंसे निवेशकों के लिए दिन की शुरुआत तो अच्छी हुई, लेकिन यह खुशी ज्यादा देर नहीं टिकी। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 429.31 अंक चढ़कर 73,627.41 अंक पर खुला और 112.16 अंक की गिरावट के साथ 73,085.94 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 130 अंक बढ़कर 22,254.70 अंक पर खुला और 5.40 अंक की मामूली गिरावट के साथ 22,119.30 अंक पर बंद हुआ। मंगलवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 347.07 अंक गिरकर 72,738.87 पर खुला और 96.01 अंक गिरकर 72,989.93 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 109.85 अंक गिरकर 22,009.45 पर खुला और 36.65 अंक फिसलकर 22,082.65 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार बुधवार को हरे निशान पर खुला। सेंसेक्स 807.36 अंकों की बढ़त के साथ 73,800.38 रुपये के स्तर पर खुला और 740.30 अंक की छलांग के साथ 73,730.23 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 92.85 अंक चढ़कर 22,175.50 अंक पर खुला और 254.65 अंक की बढ़त के साथ 22,337.30 अंक पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 71.90 अंकों की बढ़त के साथ 73,817.34 के स्तर पर खुला और 609.86 अंक उछलकर 74,340.09 पर बंद हुआ। निफ्टी 32.46 अंकों की मजबूती के साथ 22,369.75 के स्तर पर खुला और 207.40 अंक चढ़कर 22,544.70 के स्तर पर पर बंद हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स 62.42 अंक टूटकर 74,296.00 पर खुला और 7.51 अंकों की गिरावट के साथ 74,332.58 स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 7.25 अंक फिसलकर 22,537.45 पर खुला और 7.80 मामूली बढ़त के साथ 22,552.50 स्तर पर बंद हुआ।

## ट्रिपल फोल्डेबल स्मार्टफोन लाएगी सैमसंग




**नई दिल्ली**। हाल ही में साउथ कोरियाई कंपनी सैमसंग ने अपने गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट में बताया कि वह भी ट्रिपल फोल्डेबल स्मार्टफोन लाएगी। उसकी एक झलक कंपनी ने प्रेजेंटेशन में दिखाई थी। ताजा रिपोर्ट्स में बताया गया है कि सैमसंग के ट्राई-फोल्डेबल स्मार्टफोन का प्रोडक्शन जल्द शुरू हो सकता है। इस फोन को गेलेक्सी झेड सीरीज में आने वाले फोल्डेबल फोन्स के साथ लाया जा सकता है। यह लॉन्च इस साल की तीसरी तिमाही यानी जुलाई से सितंबर के बीच होने की उम्मीद है। सैमसंग गेलेक्सी ट्री फोल्ड पर लेटेस्ट इन्फर्मेशन आई है। इस साउथ कोरियाई पब्लिकेशन ने बताया है कि कंपनी अप्रैल महीने से जरूरी पार्ट्स को जुटाना शुरू करेगी और उसके साथ ही गेलेक्सी झेड सीरीज के फोल्डेबल फोन्स का प्रोडक्शन शुरू कर दिया जाएगा। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि कंपनी अपने ट्राई-फोल्ड फोन को जुलाई से सितंबर के बीच यानी तीसरी तिमाही में लॉन्च कर सकती है। उसी दौरान गेलेक्सी झेड फलीप को रिलीज किया जाएगा। एक सवाल यह भी पूछा जा रहा है कि सैमसंग के ट्राई-फोल्डेबल फोन का नाम क्या होगा। कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया है कि फोन को गेलेक्सी जी फोल्ड कहा जा सकता है। यह जेड सीरीज में आने वाले फोल्ड से अलग होगा। इसकी वजह फोन का तीन बार मुड़ना है। हालांकि फोन का मुड़ने वाला मैकनिज्म, हुवावे के फोल्डेबल से अलग हो सकता है। कहा जाता है कि सैमसंग का ट्राई-फोल्ड अंदर की तरफ दो बार फोल्ड होगा। सैमसंग गेलेक्सी ट्री फोल्ड के स्पेसिफिकेशंस पर काफी वक्त से चर्चाएं हैं। तमाम रिपोर्ट्स में कहा गया है कि फोन में 9.96 इंच का डिस्प्ले मिलेगा, जब उसे पूरा अनफोल्ड किया जाएगा। हालांकि हुवावे मेट एक्सटी में 10.2 का डिस्प्ले मिलता है। सैमसंग का ट्राई-फोल्ड, डिस्प्ले साइज में भले हुवावे के फोल्ड से कम हो सकता है, लेकिन सैमसंग के बाकी फोल्डेबल के मुकाबले वह बड़ा डिस्प्ले ऑफर करेगा। वजन में फोन उतना ही हो सकता है, जितना हुवावे का ट्राई फोल्ड है। हुवावे ट्राई फोल्ड का वजन 298 ग्राम है। हालांकि अंदर की तरफ मुड़ने के कारण सैमसंग ट्राई फोल्ड थोड़ा मोटा हो सकता है। बता दें कि तीन बार मुड़ने वाला स्मार्टफोन मेट एक्सटी सबसे पहले चीनी कंपनी हुवावे ने पिछले साल पेश किया था। फोन को कुछ वक्त पहले ही ग्लोबल मार्केट्स में रिलीज किया गया है।

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की दो टूक,देश को ऐसे समाज की जरूरत,जहां लिंग, जाति या धर्म आधार पर भेदभाव न हो;JK:कठुआ जिले के बिलावर इलाके में मिले 3 लापता नागरिकों के शव:सूत्र

2 भारत टैरिफ में कटौती पर हो गया है राजी,अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा बयान;पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में 10 टेररिस्ट अरेस्ट,पुलिस का दावा:बड़ा हमला नाकाम

3 लड़ें नहीं,आओ साथ चलें;डोनाल्ड ट्रंप की सख्ती के बाद चीन ने लगाई भारत से गुहार;इजरायली टूरिस्ट से गैंगरेप की घटना दुर्भाग्यपूर्ण,बोले NC चीफ फारूक अब्दुल्ला

4 अमित शाह ने स्टालिन को दिया करारा जवाब,अपने राज्य में मेडिकल-इंजीनियरिंग भी तमिल में पढ़ा लें;दिल्ली की जनता के साथ धोखा,महिला समृद्धि योजना पर आतिशी ने BJP को घेरा

5 वायुसेना का विमान बंगाल में क्रैश,कुछ घंटों में दूसरा हादसा;पहले गिरा था जगुआर;डॉलर के मुकाबले भारतीय करेंसी मजबूत,20 पैसे उछला...

6 महिला दिवस पर बड़ा तोहफा,ताजमहल सहित अन्य स्मारकों में महिलाओं को फ्री एंट्री;UP Board Exams:नकल गिरोह का पर्दाफाश,STF ने हरदोई से अरेस्ट किए 19 लोग

7 म्यांमार के विद्रोही क्षेत्र को भारत ने विलय का दिया प्रस्ताव,चिनलैंड काउंसिल के साथ सांसद की मीटिंग;सोमनाथ मंदिर में अमित शाह ने की पूजा अर्चना,देशवासियों के कल्याण की कामना की

8 फूड सिक्योरिटी कैंपेन लांच करते हुए प्रधानमंत्री बोले:सरकार में तुष्टिकरण की जगह नहीं;नालंदा में महिला की हत्या,मौन हैं नीतीश,बिहार CM पर तेजस्वी का निशाना

9 भारतीय टी-72 टैंक में बजेगा नई ताकत का डंका,रूस से 2000 करोड़ रुपये का सौदा;बिहार:हमारी सरकार आई तो महिलाओं को मिलेंगे 2500,तेजस्वी ने पटना में कहा

10 नीतीश जी ने मेरी माता के बारे में जो कहा,वो अशोभनीय,पटना में बोले तेजस्वी

11 दिल्ली:पारदर्शी तरीके से ट्रांसफर होगा पैसा,महिला समृद्धि योजना पर बोले आशीष सूद

12 ग्रेटर नोएडा:CM योगी ने NTPC में महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया

13 बिहार:ट्रैफिक DSP की डांट से फ्रूट सेलर की हार्ट अटैक से मौत,विरोध प्रदर्शन

14 जब महिलाएं समृद्ध होती हैं,तो दुनिया समृद्ध होती है,नड्डा ने याद किए PM के शब्द;दिल्ली में BJP सरकार बनाने के लिए लोगों को धन्यवाद:जेपी नड्डा

15 MP:सीहोर में इंदौर-भोपाल हाईवे पर स्थित नट-बोल्ट फैक्ट्री में लगी भीषण आग

16 पीएम मोदी कहते नहीं,करके दिखाते हैं, दिल्ली की सीएम रेखा ने कहा:केवल बीजेपी में महिलाओं का सम्मान,दिल्ली की महिलाओं को 2500 रुपये की महिला सम्मान योजना को मंजूरी

17 रान्या राव की गिरफ्तारी के बाद CBI ने शुरू की इंटरनेशनल गोल्ड स्मगलिंग रैकेट की जांच

18 850 Crore Falcon Scam: हैदराबाद एयरपोर्ट पर ED ने जब्त किया प्राइवेट जेट

19 पान मसाला विज्ञापन:शाहरुख, अजय देवगन,टाइगर श्रॉफ को जयपुर कंज्यूमर फोरम का नोटिस

20 जल जीवन मिशन से हर घर में पानी पहुंचा,गुजरात महिला सशक्तिकरण का उदाहरण नवसारी में बोले पीएम मोदी

21 कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की US-भारत टैरिफ विवाद पर प्रेस कॉन्फ्रेंस

22 माताओं-बहनों को बैंकिंग से जोड़ा, लखपति दीदी सम्मेलन में बोले PM मोदी

23 Women's Day पर बोले प्रधानमंत्री मोदी,महिलाओं का आशीर्वाद मेरा कवच है;आज का दिन महिलाओं को समर्पित,महिला दिवस पर बोले प्रधानमंत्री मोदी

24 मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति, महिलाओं का आशीर्वाद सबसे बड़ी पूंजी:PM

25 लखनऊ:होली के अवसर पर स्पेशल बस सर्विस शुरू,8-18 मार्च तक चलेंगी 921 बसें

26 गुजरात की जनता B-टीम नहीं चाहती,वर्कर्स डायलॉग प्रोग्राम में बोले राहुल

27 कनाडा के टोरंटो में एक पब हुई गोलीबारी,कम से कम 12 लोग घायल:पुलिस

28 दिल्ली:बंगाली बस्ती-जय हिंद कैंप में अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ वेरिफिकेशन ड्राइव

29 झारखंड: हजारीबाग में NTPC के DGM कुमार गौरव की गोली मारकर हत्या

30 J-K में जहां आतंकवाद का साया था,वहां लाखों टूरिस्ट पहुंच रहे हैं,चीन से ड्रोन अटैक होने पर भारत भी काउंटर अटैक के लिए पूरी तरह तैयार:सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी

31 दिल्ली में सिर्फ BPL कार्डधारकों को मिलेगा महिला सम्मान योजना का लाभ

32 India Today Conclave के दूसरे दिन का शानदार आगाज,जुटें कई दिग्गज

33 हिमाचल प्रदेश में पेपर लीक की आशंका,रद्द हुई 12वीं की अंग्रेजी की परीक्षा

34 गुजरात:वलसाड इलाके में लगी भीषण आग,15 से ज्यादा कबाड़ गोदाम जलकर खाक

35 हैदराबाद:BRS के पूर्व पार्षद के बेटे सुनारीता रेड्डी कनिष्क रेड्डी की सड़क हादसे में मौत

36 फीफा वर्ल्ड कप: राष्ट्रपति ट्रंप ने व्हाइट हाउस टास्क फोर्स की स्थापना के लिए आदेश साइन किया

37 विदेश मंत्री जयशंकर ने बेलफास्ट में भारत के नए वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया

38 आज से मणिपुर की सड़कों पर दौड़ेंगी सरकारी बसें

39 अमेरिका पर टैरिफ नहीं लगाएगा मैक्सिको:राष्ट्रपति शीनबाम

40 भारत का लक्ष्य अमेरिका के साथ व्यापार बाधाओं को कम करना है:MEA;रूस-यूक्रेन के बीच समझौता नहीं हुआ तो तीसरा विश्व युद्ध छिड़ जाएगा:अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप




# महिला दिवस पर री-रिलीज होगी प्रियंका चोपड़ा की फैशन

## बड़े पर्दे पर देखें मॉडलिंग की दुनिया का सच

बॉलीवुड में अब पुरानी फिल्मों के री-रिलीज का चलन तेजी से बढ़ गया है. रोमांटिक से लेकर एक्शन तक हर जोनर की पुरानी फिल्में दोबारा थिएटर्स में चलाई जा रही हैं. हाल ही में ये जवानी है दिवानी, सनम तेरी कसम और तुंबाड जैसी फिल्में री-रिलीज होने के बाद थिएटर्स में छा गईं और अच्छा खासा कारोबार किया. बता दें, इंटरनेशनल महिला दिवस आगामी 8 मार्च को मनाया जाएगा. इस मौके पर महिला और मॉडलिंग में उनके संघर्ष की सच्ची कहानी पर बेस्ड फिल्म फैशन भी री-रिलीज होने जा रही है. प्रियंका चोपड़ा और कंगना रनौत स्टारर फिल्म फैशन के डायरेक्टर मधुर भंडारकर ने अपने एक्स हैंडल पर इसकी जानकारी दी है. मधुर भंडारकर ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा है, फिल्म फैशन अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर री-रिलीज होने जा रही है, पीवीआर, इनॉक्स फिल्म फेस्टिवल (7 मार्च से 13 मार्च तक) में इस देख सकते हैं. बता दें, मधुर भंडारकर की फिल्म फैशन एक शानदार फिल्म है, जिसमें प्रियंका चोपड़ा और कंगना रनौत के किरदारों ने दर्शकों को खूब इंप्रेस किया था. फिल्म फैशन 29 अक्टूबर 2008 में रिलीज हुई थी, जिसमें मुग्धा गोडसे, अर्जन बाजवा औरकिटू गिडवानी ने शानदार रोल प्ले किए थे. इस फिल्म की आज भी चर्चा होती है. फैशन एक मिडिल लड़की की कहानी जो फैशन वर्ल्ड में अपना करियर बनाने और एक सुपर मॉडल बनने का सपना देखती है. इस लड़की का किरदार प्रियंका चोपड़ा ने प्ले किया है जिनके किरदार का नाम मेघना है. मेघना अपने सपने का पीछा करते हुए मुंबई पहुंचती है जहां उसे अहसास होता है कि फैशन वर्ल्ड में जगह बनाना कितना बड़ा संघर्ष है लेकिन वह हार नहीं मानती और अपने कॉन्फिडेंस से आगे बढ़ती रहती है. इस पूरी जर्नी में वह काफी कुछ खोती है. इसी बीच कंगना ने ऐसी लड़की का किरदार निभाया है जो फैशन में पहले ही एक सुपर मॉडल बन चुकी है. लेकिन चाकाचौंध के बीच वह अपने आप को खो देती है. इसी से मेघना डर भी जाती है और टूट जाती है. लेकिन इन सबके बावजूद कैसे मेघना अपने सपने को जीती है यही फिल्म में दिखाया गया है. प्रियंका चोपड़ा, कंगना रनौत, अरबाज खान स्टारर फैशन 2008 में रिलीज हुई थी इसे मधुर भंडारकर ने किया है. फिल्म की स्टोरी अजय मोंगा, भंडारकर और अनुराधा तिवारी ने लिखी है. इसका म्यूजिक सलीम-सुलेमान ने तैयार किया था और गाने के लिरिक्स इरफान सिद्दीकी और संदीप नाथ ने लिखे थे. फिल्म को दर्शकों और क्रिटीक्स ने खूब पसंद किया था. अब यह फिल्म फिर से बड़े पर्दे पर री-रिलीज होने के लिए तैयार है.

# वेब सीरीज़ अक्का से कीर्ति और राधिका का फर्स्ट लुक आउट



कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे अभिनीत अक्का का पहला लुक जारी कर दिया गया है, और यह इतना अच्छा है कि इसे मिस नहीं किया जा सकता। वाईआरएफ एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित आगामी वेब सीरीज़ की घोषणा नेटफ्लिक्स द्वारा आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में की गई। फ़र्स्ट लुक वीडियो में दमदार कीर्ति सुरेश को अपनी गर्ल गैंग के साथ लोगों से भरे कमरे में प्रवेश करते हुए दिखाया गया है, जबकि राधिका आप्टे को उनके ऑफ़िस में एक बड़ी कुर्सी पर बैठे हुए दिखाया गया है। वीडियो में सोने की छड़ें, बंदूकें और गहन दृश्यों की झलक भी दिखाई गई है, जो एक रोमांचक सवारी के लिए माहौल तैयार करती है। 1980 के दशक में दक्षिण भारत के काल्पनिक शहर पर्नूरु में सेट की गई अक्का गैंगस्टर रानियों की कहानी है, जिनके मातृसत्तात्मक शासन को तब चुनौती मिलती है जब कोई बाहरी व्यक्ति एक अदृश्य खतरा लेकर






आता है। यह सीरीज कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे के किरदारों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो सत्ता के लिए संघर्ष करते हैं, और शक्तिशाली महिलाओं की एक दुनिया को एक साथ लाते हुए दिखाती है। यह शो गेम-चेंजर होने का वादा करता है, राधिका आप्टे ने इसे इसके केंद्र में उग्र और शक्तिशाली महिलाओं का शो कहा है। बेबी जॉन के साथ हाल ही में बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने वाली कीर्ति सुरेश ने अक्का को सफल बनाने के लिए वाईआरएफ को धन्यवाद दिया। उन्होंने इस सीरीज़ को एक पूरी तरह से अलग दुनिया बताया, जिसे आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। राधिका आप्टे, जो हाल ही में माँ बनने के कारण इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सकीं, ने एक वीडियो संदेश भेजकर अक्का को गेम-चेंजर कहा। इस सीरीज़ का निर्देशन नवोदित धर्मराज शेट्टी कर रहे हैं और इसे इस साल के अंत में नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ किया जाएगा। अक्का की रिलीज़ की तारीख की घोषणा अभी नहीं की गई है, लेकिन पहले लुक ने प्रशंसकों के बीच उत्साह पैदा कर दिया है। अपने प्रतिभाशाली कलाकारों, मनोरंजक कहानी और शक्तिशाली विषयों के साथ, अक्का एक रोमांचक सवारी होने का वादा करता है। अक्का पर अधिक अपडेट के लिए बने रहें, और इस नेटफ्लिक्स ओरिजिनल सीरीज़ में शक्तिशाली महिलाओं की दुनिया को एक साथ आते हुए देखने के लिए तैयार हो जाएँ।



# श्रुति हासन ने बताई अपनी जिंदगी की कहानी

अभिनेत्री श्रुति हासन ने अपनी जिंदगी की कहानी शेयर की है और बताया है कि वह सुबह जल्दी उठने वाली व्यक्ति नहीं हैं। सिने आइकन कमल हासन की बेटी श्रुति ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी एक तस्वीर शेयर की है। यह तस्वीर श्रुति की एक सेल्फी लग रही है जिसमें वह कार की पिछली सीट पर बैठी हैं। उनके बाल गीले हैं और बहुत कम मेकअप में उनका लुक नेचुरल लग रहा है। फोटो में वह थोड़ी गंभीर दिख रही हैं। तस्वीर के नीचे लिखा है, मैं सुबह जल्दी नहीं उठती। मेरी जिंदगी की कहानी। श्रुति की ब्रिटिश मनोवैज्ञानिक थ्रिलर फिल्म 'द आई ने 5वें वेंच फिल्म फेस्टिवल की ओपनिंग फीचर के रूप में भारत में अपना प्रीमियर किया। ग्रीस के लुभावने परिदृश्यों पर आधारित, 'द आई में श्रुति ने डायना का रोल निभाया है। कहानी में डायना की भावनात्मक यात्रा दिखाई गई है जिसमें उनके पति का देहांत हो चुका है। फिल्म का निर्देशन डेफ्ने श्मोन ने किया है और इसका निर्माण फिंगरप्रिंट कंटेंट ने किया है। यह श्रुति हासन की बहुप्रतीक्षित अंतर्राष्ट्रीय शुरुआत है। सपना भवनानी द्वारा स्थापित, वेंच फिल्म फेस्टिवल भारत का अग्रणी मंच है जो हॉरर, साइंस-फिक्शन और फंतासी सिनेमा को समर्पित है। मनोवैज्ञानिक थ्रिलर, द आई एक गहन सिनेमाई अनुभव प्रदान करती है, जो दर्शकों को रोमांचित करता है। इसकी पटकथा अवार्ड विनिंग लेखका एमिली कार्लटन ने लिखी है और इसमें अंतर्राष्ट्रीय स्टार मार्क रोली, ब्रिटिश अभिनेता अन्ना सव्वा और लिंडा मार्लो भी हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए, श्रुति ने पहले साझा किया था कि जिस क्षण उन्होंने स्क्रिप्ट पढ़ी थी, उन्हें पता था कि यह फिल्म उसके लिए बनी है। उन्होंने कहा, मैं हमेशा ऐसी कहानियों की ओर आकर्षित हुई हूं, जिसमें प्रेम, अंधकार और आत्म-खोज जैसे विषय होते हैं, ऐसी अवधारणाएं जो मेरे साथ गहराई से गूंजती हैं। द आई ने मुझे स्क्रीन पर उन भावनाओं को उतराने का मौका दिया, और अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली टीम के साथ काम करने से अनुभव और भी खास हो गया।

# जाह्नवी कपूर के जन्मदिन पर प्रशंसकों को मिला बड़ा तोहफा, आरसी16 से पहली झलक आई सामने

अभिनेत्री जान्हवी कपूर के 28वां जन्मदिन के खास दिन पर इनकी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'आरसी 16 के निर्माताओं ने एक्ट्रेस का एक लुक रिलीज करते हुए उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। साउथ इंडस्ट्री के चर्चित अभिनेता राम चरण और बॉलीवुड की अभिनेत्री जान्हवी कपूर की आगामी फिल्म 'आरसी 16 का पहला लुक सामने आया है। यह लुक एक्ट्रेस जान्हवी के जन्मदिन का खास






तोहफा है, जो वृद्धि सिनेमा द्वारा शेयर किया गया है। इसमें एक्ट्रेस ट्रेक पैंट के साथ टीशर्ट पहने हुए दिख रही हैं और वह हाथ में एक बकरी लिए खुशी से झूम रही हैं। यह दृश्य गांव का है, जो फिल्म का एक बिहाइंड दी सीन है। हालांकि, इसमें एक्ट्रेस के किरदार के बारे में कोई खुलासा नहीं किया गया है। अभिनेत्री जान्हवी कपूर की पहली तेलुगु फिल्म देवरा थी। उसके बाद एक्ट्रेस की यह दूसरी तेलुगु फिल्म है, जिसका लोगों को बेसब्रसी से इंतजार है। इस फिल्म में कई बड़े कलाकार भी शामिल हैं। बुची बाबू सना के निर्देशन में बन रही फिल्म जल्द ही शीर्षक से भी पर्दा उठाने की योजना बना रही है। फिलहाल इस फिल्म का अस्थाई नाम आरसी 16 रखा गया है और कहा जा रहा है कि यह एक स्पोर्ट्स ड्रामा है, जिसमें क्रिकेट मुख्य विषय होगा। हाल ही में क्रिकेट से जुड़े कुछ मुख्य दृश्यों की शूटिंग एक विशेष रूप से बनाए गए स्टेडियम सेट में की गई। इस फिल्म में राम चरण बिल्कुल नए लुक में नजर आएंगे, जिसका संगीत एआर रहमान ने दिया है। इस फिल्म में जान्हवी कपूर को मुख्य भूमिका में हैं, जो राम चरण के साथ उनकी पहली फिल्म है। इस फिल्म का निर्माण पुष्पा के बैनर माइथ्री मूवी मेकर्स द्वारा किया जा रहा है। इनके अलावा कन्नड़ सुपरस्टार शिवराजकुमार जगपति बाबू, दिव्या शर्मा भी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे।

# महारानी के चौथे सीजन का ऐलान, रानी भारती बन लौट रहीं हुमा कुरैशी; टीजर आया सामने

हाल ही में 'महारानी सीरीज के चौथे सीजन का टीजर रिलीज किया गया है, जिसमें हुमा कुरैशी सामाजिक और राजनीतिक उलझनों से लड़ती नजर आएंगी। महारानी के इस सीजन को दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव के यूट्यूब पर महारानी के चौथे सीजन का टीजर रिलीज किया गया है और हुमा ने भी अपने इंस्टाग्राम पर भी शेयर किया है। 50 सेकेंड के इसके टीजर में हुमा कुरैशी रानी भारती के किरदार में दिखने वाली हैं, जो बिहार की प्रधानमंत्री हैं। इसके टीजर में हुमा बिहार को अपना परिवार बता रही हैं और कह रही हैं अगर किसी ने उनके परिवार को नुकसान पहुंचाया तो वह उसकी सत्ता हिलाकर रख देंगी। साथ ही इसमें हुमा को चुनौतियों से लड़ते हुए दिखाया गया है। महारानी सीरीज का चौथा सीजन सामाजिक और राजनीतिक चुनौतियों से भरा नजर आ रहा है। महारानी वेब सीरीज के चौथे सीजन का टीजर रिलीज कर दिया गया है। इससे फैंस की बेसब्री सीरीज को लेकर और बढ़ चुकी है। हालांकि, अभी तक सीरीज के रिलीज डेट को लेकर कोई आधिकारिक सूचना नहीं आई है। महारानी सीरीज 2021 में सोनी लिव पर शुरू हुई थी।




स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोन: 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।